हर रोज, नई खोज

www.nayakpath.com

# नायकपथ

* वर्ष 15 * अंक 75, ग्वालियर, शुक्रवार 27 जून 2025, * पृष्ठ 8 * मूल्य 2 रु. MPHIN/2011/38456

# प्राकृतिक और रासायनिक फसलों के उपार्जन के लिए मंडियों में होगी पृथक व्यवस्था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए योजनाएं बनायें



### प्राकृतिक खेती जीवन के लिए वरदान है : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

**भोपाल, ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ÷प्राकृतिक खेती के नाम एक चौपाल÷ कार्यक्रम को अद्भुत व प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि जिस प्रकार नमस्कार का असली महत्व कोविड के बाद समक्ष आया, ठीक इसी प्रकार प्राकृतिक खेती का विचार रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बाद आ रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं खेती की है, जिसमें रासायनिक खादों के उपयोग की आदत नहीं थी पश्चिम आधारित सोच के कारण कृषि में रासायनिक खाद का उपयोग बढ़ा। भारतीय ज्ञान के प्रति बढ़ते रूझान को देखते हुए गौ-पालन के लिए गौशाला बनाये जा रहे हैं, जिसके उत्पाद से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती की बड़ी संभावना है। उन्होंने कृषि मंत्री से कहा कि प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए योजनाएं बनायें, वे निश्चित रूप से इसे लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती और रासायनिक खेती से उत्पादित फसलों के उपार्जन के लिए मंडियों में दो तरह की व्यवस्था करने को कहा, जिससे उत्पादित फसलों के उपभोग में कठिनाई न आये। मुख्यमंत्री गुरूवार को जबलपुर के मानस भवन में चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन अभी 9 प्रतिशत है, इसे 25 प्रतिशत तक ले जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फैट के आधार पर दूध खरीदने की व्यवस्था है। भैंस के दूध को अधिक लाभदायक बताकर देशी गाय के दूध को महत्वहीन बताने का षडयंत्र रचा गया। उन्होंने गाय के दूध के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राकृतिक खेती के नाम एक चौपाल कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का हार्दिक स्वागत व आभार व्यक्त किया और कहा कि आचार्य देवव्रत ने अत्यंत सरलता से प्राकृतिक खेती के विषय को समझाया है। प्राकृतिक खेती के लिए गाय के गोबर से बने जीवामृत का उपयोग कर कृषि उत्पाद को बढ़ाकर धरती के स्वास्थ्य को भी सुरक्षित किया जा सकता है।गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत ने ÷प्राकृतिक खेती के नाम एक चौपाल÷ में प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा करते हुए कहा कि रासायनिक खेती के दुष्परिणामों को देखते हुए उन्होंने सबसे पहले 5 एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती शुरू की थी। जिसमें प्रथम वर्ष की तुलना में गुणात्मक रूप से ज्यादा फसल की पैदावार प्राप्त हुई वे लगातार प्राकृतिक खेती कर रहे हैं बल्कि बेहतर उत्पादन भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताकर प्राकृतिक खेती अपनाने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती में अंतर भी बताया। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत ने कहा कि जिस प्रकार जंगल में बिना खाद पानी दिये जंगली पेड़ भरपूर फसल देते हैं, उसी प्रकार का नियम प्राकृतिक खेती में भी लागू होता है। प्रकृति अपने इकोसिस्टम से हर चीज को नियंत्रित कर अपने मूल स्वरूप में ला देती है। जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं होते। प्राकृतिक खेती जीवन के लिए वरदान है। फसल के नाम पर रासायनिक खादों का उपयोग बंद करें, क्योंकि इससे कृषि मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं। जिससे धरती की उर्वराशक्ति प्रभावित होती है। उन्होंने रासायनिक खादों के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### प्राकृतिक खेती एक ज्ञानकोष है

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति अन्नदाताओं के प्रति एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एक ज्ञानकोष है, जिसे समझने की जरूरत है। उन्होंने ऋषि पाराशर द्वारा रचित वृक्षोर्वेद व वृहद सहिता का उल्लेख कर वर्षा का आंकलन के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कपोल कल्पना ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक प्रयोगों से निकलें निष्कर्ष के आधार है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के संबंध में जोर देते हुए कहा कि किसान बंधु प्राकृतिक खेती करें। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अजय विश्नोई, श्री अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, श्री संतोष बरकड़े, श्री नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया सहित बड़ी संख्या में किसान और नागरिक उपस्थित थे।

# बारिश, बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से बिगड़े हालात...

## अहमदाबाद में घर-ऑफिस में पानी भरा



### हिमाचल में 24 घंटे में 5 जगह बादल फटा; 2 हजार टूरिस्ट फंसे, डैम से पानी छोड़ने का अलर्ट

### संकट की घड़ी आई...नदिया उफनाई

### बद्रीनाथ हाईवे के पास बड़ा हादसा, अलकनंदा में गिरा टेंपो-ट्रेवलर, तीन की मौत, कई लापता

### मप्र में मानसून की बारिश बनी आफत, इंदौर में छाया अंधेरा, जबलपुर-विदिशा में घरों में घुसा पानी

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ, एजेंसी।** मानसून देश के ज्यादातर हिस्सों को कवर कर चुका है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात में बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हैं। अहमदाबाद में बारिश के पानी के बहाव में आकर एक बाइक सवार ड्रेनेज लाइन में फंस गया। 9 घंटे बाद उसका शव बरामद किया गया। सूरत का गीतानगर इलाका 3 से 4 फीट पानी में डूबा हुआ है। यहां तबीयत बिगड़ने के बाद एक गर्भवती महिला को फायर ब्रिगेड टीम ने रेस्क्यू किया और अस्पताल पहुंचाया।

### 9 लोग लापता

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में ट्रैवलर गिर गई। हादसा घोलतीर में बद्रीनाथ हाईवे पर हुआ। ट्रैवलर में 20 लोग सवार थे, इनमें से 3 की मौत हो गई है, जबकि 8 घायल हैं। वहीं, 9 लोग अभी भी लापता हैं। ट्रैवलर में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के यात्री बैठे थे। ट्रैवलर सवार 20 लोगों के नाम, पता जारी किए गए हैं।

# शुभांशु 28 घंटे का सफर पूरा कर पहुंचे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन

## आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय



**फ्लोरिडा, एजेंसी।**

भारत के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है! दरअसल भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। 28 घंटे का लंबा अंतरिक्ष सफर पूरा करने के बाद, 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे शुभांशु और उनके तीन विदेशी साथी आईएसएस पर पहुंच गए हैं।

जानकारी अनुसार इस सफर के पूरा होने के साथ ही करीब दो घंटे बाद, यानी शाम 6 बजे स्पेस स्टेशन का हैच खुला और सभी अंतरिक्ष यात्री उसके अंदर दाखिल हुए। शुभांशु अगले 14 दिन आईएसएस में रहते हुए विज्ञान, स्वास्थ्य और माइक्रोग्रैविटी से जुड़े विभिन्न शोध करेंगे।

### 1984 के बाद दूसरी ऐतिहासिक उड़ान

शुभांशु शुक्ला से पहले 1984 में राकेश शर्मा ने सोवियत स्पेस मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रा की थी। शुभांशु अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय, लेकिन आईएसएस पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

शुभांशु ने कहा- नमस्कार फ्रॉम स्पेस!

उड़ान के बाद लाइव संवाद में शुभांशु ने कहा- नमस्कार फ्रॉम स्पेस! मैं यहां एक बच्चे की तरह सीख रहा हूं - कैसे चलना है, कैसे खाना है। जब रॉकेट लॉन्च हुआ, तो लगा जैसे सीट में पीछे धकेले जा रहे हों। फिर एकाएक सब शांत हो गया। बेल्ट खोलते ही हम वैक्यूम की शांति में तैरने लगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि पूरे भारत की सामूहिक उपलब्धि है और इस सफलता के लिए उन्होंने अपने परिवार, वैज्ञानिकों और सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

### आज से शुरु हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा, 8 जुलाई तक चलेगी

**-भगवान जगन्नाथ, भाई और बहन के साथ मौसी के घर गुंडिचा जाएंगे**

**पुरी, एजेंसी।** ओडिशा के पुरी में विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर से आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में रथ यात्रा निकाली जाती है। इस साल जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत 27 जून यानी शुक्रवार से होगी। इस दिन भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अलग-अलग रथों पर सवार होंगे। वे तीनों रथों पर सवार होकर मौसी के घर गुंडिचा जाएंगे। भगवान जगन्नाथ रथ नंदीघोष पर भाई बलभद्र रथ तालध्वज पर और सुभद्रा रथ दर्पदलन पर सवार होंगी। जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक चलेगी। यह यात्रा का कार्यक्रम 12 दिन का है। रथ यात्रा की तैयारी और पहले से ही शुरू हो जाती है। पंचांग के मुताबिक जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि से होती है। इस साल आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि 26 जून को दोपहर 1:24 मिनट से लेकर 27 जून को 11:19 मिनट तक है। उदयातिथि के आधार पर आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि 27 जून को है। इसलिए जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत 27 जून से होगी।

# यूएनएससी की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा

## कहा-कुछ तो शर्म करो



**जिनेवा, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर पाकिस्तान की झूठी बयानबाजी और आतंक के समर्थन को बेनकाब करते हुए कड़ा जवाब दिया। यूएनएससी यानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान की बखिया उधेड़ी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले, सीमा पार आतंकवाद, और अफगान बच्चों की हत्या जैसे गंभीर मुद्दों का हवाला देते हुए भारत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का पनाहगाह करार दिया। भारत ने कहा कि पाक को शर्म भी नहीं आती। उसे तो अब दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

यूएनएससी में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत परवथनेनी हरिश ने आतंकवाद पर पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। यूएनएससी में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत परवथनेनी हरिश ने कहा, 'पाकिस्तान यूएनएससी की प्रक्रियाओं को बार-बार बाधित कर अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। हम उसके उन प्रयासों को खारिज करते हैं, जिनके जरिए वह अपने देश में बच्चों पर हो रहे अत्याचारों से ध्यान हटाना चाहता है।' भारत ने जोर देते हुए कहा कि यूएन महासचिव की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों में स्कूलों, खासकर लड़कियों के स्कूलों, और स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले किए गए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अफगान सीमा से लगे इलाकों में पाकिस्तानी सेना की ओर की गई गोलाबारी में कई अफगान बच्चों की मौत और विकलांगता हुई।

# MSME दिवस पर योगी आज करेंगे कई योजनाओं का शुभारंभ

### युवाओं के लिए होंगी घोषणाएं



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय भव्य समारोह में कई बड़ी घोषणाएं और लोकार्पण करेंगे। रोजगार, उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने वाली योजनाओं को गति देने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं और कारीगरों को विशेष लाभ मिलेगा।

लोकभवन सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सीएम-युवा मोबाइल ऐप का बटन दबाकर शुभारंभ किया जाएगा।

यह युवाओं के लिए रोजगार, परामर्श और उद्यमिता से जुड़ी सुविधाएं प्रदान करने का माध्यम बनेगा।

# छात्र को साथ ले गई रफ्तार रूपी मौत, साथी मरणासन्न

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां रफ्तार के रूप में मौत का कहर लगातार जारी है, जिसके क्रम में उसने एक छात्र की भी जान ले ली। वह अपने दोस्त के साथ



मोटरसाइकिल से जा रहा था। घटना महाराजपुर थानाक्षेत्र में बौसर गांव के पास ओवरटेक के दौरान हुई। यहां पिकअप ने बाइक सवार दो दोस्तों को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान छात्र की मौत हो गई। वहीं दोस्त की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को दूहरपुर, बांग्ला निवासी किसान शिवबाबू ने बताया कि उनका बेटा आयुष यादव (17) कक्षा नौ का छात्र था। साथ ही खेती किसानी में हाथ बंटाता था। घटना के समय आयुष अपने दोस्त सुमित के साथ बाइक से इकघरा से होते हुए साढ़ जा रहा था। जानकारी केमुताबिक अभी वह महाराजपुर स्थित बौसर गांव के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप सवार ने लापरवाही से ओवरटेक करने में बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर दशा मेंदोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां आयुष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### सीजफायर के बाद गरजे खामनेई

# इजराइल पर जीत दज की है और अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा

### ट्रंप को लगा कि इजराइल तबाह हो जाएगा



**तेहरान एजेंसी।**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई ने सीजफायर के बाद गुरुवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से बयान देकर दावा किया कि उनके देश ने इजराइल पर जीत दर्ज की है और अमेरिका को भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने दो टूक कहा कि ईरान ने जंग में अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा है। खामनेई ने यह टिप्पणी युद्धविराम की घोषणा के बाद की, जो अमेरिकी मध्यस्थता से लागू हुआ था।

अपने वीडियो संदेश में खामनेई ने कहा, इस्लामी गणराज्य विजयी रहा और बदले में अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा। उनका यह बयान उन खबरों के बाद आया जिसमें कहा गया था कि ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मिसाइल हमला किया था। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं आई।

खामनेई ने कहा कि अमेरिका ने केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि ट्रंप को लगा कि अगर अमेरिका ने हस्तक्षेप नहीं किया, तब जायोनिस्ट शासन (इजराइल) पूरी तरह तबाह हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इस युद्ध से कोई लाभ नहीं हुआ।

### खामेनेई गुप्त स्थान पर थे!

दरअसल सुप्रीम लीडर खामेनेई 13 जून को युद्ध शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाई दिए थे। युद्ध की शुरुआत इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों और शीर्ष सैन्य वैज्ञानिकों और अधिकारियों पर हमले के साथ हुई थी। इसके बाद से बताया गया कि खामेनेई एक गुप्त स्थान पर थे। 19 जून को उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी किया था, लेकिन वह उनके बंकर से ही रिकॉर्ड हुआ था। अब गुरुवार को उन्होंने एक और वीडियो संदेश जारी किया, जिसकी पहले से घोषणा ईरानी सरकारी चैनल और उनके सोशल मीडिया पेजों पर हुई थी। वीडियो में उन्होंने इजराइल पर जीत के लिए अपने नागरिकों को बधाई देकर कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है जिसमें इस्लामी गणराज्य ने अपने दुश्मनों को साफ संदेश दिया है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया देश के पहले सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण

## समाज में आत्मीयता पूर्ण माहौल स्थापित करती है मध्यस्थता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

नगर संवाददाता

**भोपाल।** हमारे देश की प्राचीन सोच को नवीन रूप से कायम कर समाज में आत्मीयता पूर्ण माहौल बनाने के लिए मध्यस्थता वर्तमान समय की मांग हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर के पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में देश के पहले सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र के लोकार्पण के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यस्थता से न केवल मामलों का निपटारा होता है अपितु समाज में आपसी विश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की सोच को मध्यप्रदेश सरकार गांवों तक ले जाने के प्रयास करेगी जिससे गांवों में भी परस्पर सौहार्द्र का माहौल बन सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक तानेबाने के सुचारू संचालन के लिए जरूरी है कि पारिवारिक रिश्तों की मजबूती बनी रहे। उन्होंने इंदौर पुलिस कमिश्नरेट, जिला प्रशासन और विधिक सेवा प्राधिकरण को बधाई देते हुए कहा कि यह पुण्य कार्य सराहनीय मॉडल है।

पुलिस कमिश्नरेट इन्दौर एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में नवनिर्मित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यपालिक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण म.प्र. उच्च न्यायालय जस्टिस श्री संजीव सचदेवा एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय मध्यस्थता




समिति जस्टिस श्री विवेक रूसिया की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट , सांसद श्री शंकर लालवानी, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं इंदौर के मध्यस्थ उपस्थित रहें।

**मध्यस्थता समझौता कराने के साथ मानवीय रिश्तों को मजबूत बनाती है :-**

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव सचदेवा ने कहा कि मध्यस्थता विवादों में समझौता कराने के साथ साथ मानवीय रिश्तों को मजबूत करने का भी कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में इसे मीडिएशन की संज्ञा दी गई है, जबकि भारत में वर्षों से पंच सरपंचों द्वारा विवादों के मामले में समझौता किया जा रहा हैं।

**22 मध्यस्थता केंन्द्र में 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों का सुलझाया गया :-**

प्रशासनिक न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर श्री विवेक रूसिया ने बताया कि इंदौर में 22 मध्यस्थता केंद्रों में 27 विभिन्न सामाजिक समूहों के 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों को सुलझाया गया। उन्होंने बताया कि इंदौर देश का एकमात्र शहर है जहां कलेक्टर कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय में मध्यस्थता केंद्र स्थापित हैं। कमिश्नर कार्यालय में पिछले 4 माह से ट्रायल के आधार पर मध्यस्थता केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम आने पर आज मूर्त रूप देकर इसका लोकार्पण किया गया हैं।

**सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट :-**

कार्यक्रम के अंत में पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सम्मानस्वरुप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में स्कूल बसों पर आरटीओ की कार्रवाई

**भोपाल।** स्कूल बसों की अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को नर्मदापुरम रोड पर विशेष चेकिंग अभियान के दौरान माउंट कार्मल और केएम कॉन्वेंट स्कूल समेत कई स्कूल बसों की जांच की गई। इस दौरान बिना परमिट और फिटनेस के दौड़ रही 5 बसें जब्त की गईं। ये सभी वाहन जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़े कर दिए गए हैं। इसके अलावा तीन अन्य बसों से बिना क्ष्ट और चालक के पास वैध लाइसेंस न होने पर 25,000 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। आरटीओ अमले ने मौके पर ही दस्तावेजों की बारीकी से जांच की और जिन वाहनों में भारी खामियां पाई गईं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने इस संबंध में कहा, बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी स्कूल बसों के दस्तावेज जैसे फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट और बीमा की अनदेखी गंभीर अपराध है। यह सीधे तौर पर बच्चों की जान से खिलवाड़ है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आज भोपाल में होगा मीसाबंदियों का सम्मान

**भोपाल।** इंदिरा सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर बीजेपी ने कल प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया। आज (गुरुवार) सीएम हाउस में मप्र के 700 मीसाबंदियों का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक और प्रदेश भर से मीसाबंदी शामिल होंगे। सीएम हाउस में होने वाले कार्यक्रम में पूरे मप्र से 700 मीसाबंदी अपने परिवारजनों के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद सीएम मीसाबंदियों के परिवार के साथ भोजन भी करेंगे। भौमिक ने कहा कि बाकी मीसाबंदियों को प्रभारी मंत्री जिलों में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर ताम्र पत्र भेंट करेंगे। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर बुधवार को भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीसाबंदियों का सम्मान किया था।

### एएसआई लिखा-पढ़ी करता रहा..

**ब्यावरा।** मप्र सरकार सड़क हादसे में घायल को 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार रुपए प्रोत्साहन देती है, ताकि वक्त पर इलाज से जान बच सके। लेकिन मंगलवार को ब्यावरा के कुरावर में खुद पुलिस ने 'गोल्डन आवर' को ताक पर रख दिया। दरअसल, तलेन स्टेट हाइवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में 4 युवक घायल हुए। इनमें गोविंद मालवीय (25) और मनीष मालवीय (23) की हालत गंभीर थी। घटना के बाद एक घायल युवक बार-बार एएसआई प्रसादीलाल से गुहार लगाता रहा- हमें हॉस्पिटल में एडमिट करवा दो, मैं मर जाऊंगा नहीं तो। लेकिन एएसआई कागजों में उलझे रहे। करीब 15 मिनट बाद डायल-100 से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन देरी के चलते दोनों को भोपाल रेफर करना पड़ा। टीआई बोलीं- एंबुलेंस देर से आई- टीआई संगीता शर्मा ने देरी की वजह एंबुलेंस के देर से पहुंचने को बताया। बुधवार को इस घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें घायल मदद की गुहार लगाता दिखा।

### इंदौर में सुबह से बादल छाए, बारिश के आसार

**इंदौर।** इंदौर में आज सुबह से बादल छाए हुए है। मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश के आसार जताए हैं। इससे पहले, बुधवार को दिनभर बादल छाए रहे। सुबह 11 बजे से शाम तक मौसम ऐसा ही रहा। इस दौरान कहीं रिमझिम तो कहीं हल्की बारिश हुई। वहीं, दिन का तापमान 29.5 (-4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 4 डिग्री कम है। रात का तापमान 23.2 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य है। इस जून यह चौथी बार है कि रात का तापमान सामान्य पर है। हालांकि 24 घंटों में सिर्फ 4.5 मिमी बारिश ही दर्ज हुई है, लेकिन मौसम ठंडा रहा। जून में इस बार 25 दिनों में से 16 दिन बारिश जरूर हुई लेकिन दिनभर में बहुत ही कम यानी 10 मिमी से भी कम। सिर्फ दो बार ऐसी स्थिति बनी, जब दिनभर में सिर्फ आधा-आधा इंच बारिश हुई। इसके चलते इस बार जून में अभी तक 2 इंच बारिश हुई है जबकि जून का कोटा 5 इंच का है। अब जून खत्म होने में 5 दिन बाकी हैं और कोटा पूरा करने के लिए 3 इंच बारिश की जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार अभी एक टर्फ प्रदेश के बीच से गुजर रहा है।

## पीएससी आने वाले महीनों में भरेगी 5562 पद

# डेढ़ साल में 3756 पदों पर दीं नियुक्ति, 72 डिप्टी कलेक्टर, 51 डीएसपी के पद भरे

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग आने वाले महीनों में 5562 पदों पर भर्ती करेगा। इनमें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, लाइब्रेरियन, स्पोर्ट्स अफसर, माइनिंग अफसर, सहायक प्राध्यापक, मेडिकल स्पेशलिस्ट, मेडिकल आफिसर, यूनानी और आयुर्वेदिक चिकित्सा के विभिन्न पद शामिल हैं। इसके विज्ञापन जारी हो चुके हैं और आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आयोग पिछले डेढ़ साल में 3 हजार 756 पदों पर भर्ती कर चुका है। इस दौरान तीन राज्य सेवा परीक्षा आयोजित कर उसके परिणाम घोषित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में पीएससी के जरिये नियुक्तियां देने का काम तेजी से चल रहा है। इस अवधि में राज्य सेवा परीक्षा के माध्यम से सामान्य प्रशासन एवं गृह विभाग को 72 डिप्टी कलेक्टर एवं 51 उप पुलिस अधीक्षक के पदों के लिए सिफारिश की गई। पीएससी चेयरमैन डॉ. राजेश लाल मेहरा ने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक जारी 75 विज्ञापनों में शामिल 4 हजार 492 पदों के लिए 3 हजार 756 उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा




पत्र भेजे गए हैं। लोक सेवा आयोग ने 81 भर्ती विज्ञापन जारी किए हैं। इनके माध्यम से आगामी महीनों में 5 हजार 562 पद भरे जाएंगे। पीएससी से वर्तमान में 5 हजार 317 पदों के लिए 61 भर्ती प्रक्रियाएं जारी हैं। आयोग जारी किए गए वार्षिक परीक्षा कैलेंडर का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

**इन पदों के लिए हुई इतनी नियुक्तियां :-**

आयोग के सचिव प्रबल सिपाहा ने बताया कि आयोग ने डेढ़ साल में 3 राज्य सेवा परीक्षा - 2019, 2021, 2022 के लिए 1109 पदों और 3 राज्य वन सेवा परीक्षा के लिए 200 पदों के लिए अंतिम चयन परिणाम घोषित किए। इस अवधि में राज्य सेवा परीक्षा के माध्यम से सामान्य प्रशासन एवं गृह विभाग को 72 डिप्टी कलेक्टर एवं 51 उप पुलिस अधीक्षक के पदों के लिए सिफारिश की गई। परीक्षा के माध्यम से सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग के 132 पदों तथा मप्र वित्त सेवा के 22 पदों के लिए भी स्कूल शिक्षा एवं वित्त विभाग को अनुशंसा की गई। राज्य वन सेवा परीक्षा के अंतर्गत सहायक वन संरक्षक के 19 तथा वन क्षेत्रपाल एवं परियोजना क्षेत्र अधिकारी के 181 पदों के लिए वन विभाग को अनुशंसा पत्र भेजे गए।

### इंदौर में बैंक के अंदर 4 लाख की ठगी

नगर संवाददाता

**इंदौर।** इंदौर के एक प्रिंटिंग प्रेस संचालक के साथ बैंक के भीतर ही 4 लाख रुपए की ठगी हो गई। चेक ड्रॉप बॉक्स में डालने के बाद अज्ञात आरोपी ने बैंक कर्मचारी की मदद से चेक हासिल किया, उसमें करेक्शन कर 'सेल्फ' भुगतान लिखा और फर्जी आईडी लगाकर बैंक से रकम निकाल ली। मल्हारगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। मल्हारगंज थाना पुलिस के अनुसार, शिकायत ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी नियाज पुत्र सईद अहमद ने की है, जो 'शगुन प्रिंटिंग' के नाम से प्रिंटिंग का व्यवसाय करते हैं। नियाज ने बताया कि उन्हें व्यापारिक लेन-देन के तहत आजाद हुसैन द्वारा बैंक ऑफ इंडिया (गांधी नगर शाखा) का एक अकाउंट पे चेक प्राप्त हुआ था। 10 जून को उन्होंने यह चेक कैनरा बैंक (संभावित मल्हारगंज शाखा) के ड्रॉप बॉक्स में जमा किया। दो दिन बीतने के बाद भी जब चेक क्लीयर नहीं हुआ, तो 12 जून को नियाज खुद कैनरा बैंक पहुंचे।

## नशीला जूस पिलाकर पूल पार्टी में नाबालिग से रेप

# भोपाल में महिला मैनेजर ने दो दिन दोस्तों से दुष्कर्म कराया; पीड़िता बोली-इत्र लगाकर जबरदस्ती की

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल में नाबालिग लड़की के साथ रेप का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया है कि पीड़िता को जान-पहचान की एक युवती ने पहले बीमारी का बहाना बनाकर अपने घर बुलाया और वहां उसे युवकों के हवाले कर दिया। आरोप है कि महिला ने अगले दिन एक फार्महाउस में पूल पार्टी में ले जाकर पीड़िता को जूस में मिलाकर नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद वहां भी उसका यौन शोषण हुआ। इस मामले में दो महिलाओं समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 19 जून को दीदी (इवेंट मैनेजर रिया उर्फ रितु यादव) ने मुझे बीमारी का बहाना बनाकर अपने घर करोंद बुलाया। जब मैं वहां पहुंची, तो जहांगीराबाद निवासी हनीफ शाह पहले से मौजूद था। उसने जोर-जबरदस्ती कर मेरे शरीर पर इत्र लगाया। 20 जून को रिया मुझे खजूरी सड़क इलाके के एक फार्महाउस 'चॉइस विला' ले गई।




वहां पूल पार्टी चल रही थी। यहां रिया ने मुझे जूस में शराब मिलाकर पिलाई। थोड़ी देर बाद मुझे पेट दर्द और उल्टी हुई, तो रिया दीदी ने एक कमरे में सुला दिया। रात में जब आंख खुली, तो मेरे आधे कपड़े उतरे हुए थे। रिया कमरे में अपनी दोस्त माही के साथ बैठी थी। बाद में घर लौटने पर रिया ने मुझे बताया कि मुकेश बालचंदानी (एमके सर) ने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं। जब मैंने घर जाने की बात की, तो रिया ने मारपीट की और मुझे घर नहीं जाने दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 जून को जब रिया ब्यूटी पार्लर गई, तो मैंने मौका देखकर अपनी मां को इंस्टाग्राम पर कॉल किया। मां फौरन पुलिस को लेकर ब्यूटी पार्लर पहुंची और मुझे छुड़ाया। मामले में पुलिस रिया, मुकेश, हनीफ और एक अन्य को गिरफ्तार कर चुकी है।

### 3 दिन में तीसरी बार शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव

नगर संवाददाता

**भोपाल।** रानी कमलापति से नई दिल्ली जा रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन (12001) में फिर पथराव हुआ है। बुधवार शाम 6 से 6.30 के बीच बीना और झांसी के बीच ट्रेन पर हुए पथराव में ष्ट-6 कोच की खिड़की का ग्लास पूरी तरह चटक गया। इस दौरान घटना में किसी यात्री को चोट नहीं पहुंची, लेकिन ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। बीते 3 दिन में तीसरी बार शताब्दी एक्सप्रेस में पत्थरबाजी की घटना हुई है। इसी ट्रेन पर मुरैना में भी पथराव हुआ है। मुरैना स्टेशन से गाड़ी आगे बढ़ते ही ई-6 कोच के कांच में पत्थर आकर लगा। हमले के बाद झांसी रेल मंडल के अधिकारियों का कहना है कि %फिलहाल हमारे पास कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन मामले की जांच की जाएगी। वहीं, रेल यात्रियों का कहना है कि लगातार हो रही पत्थरबाजी की घटनाओं से अब ट्रेन में बैठने में डर लगने लगा है। रविवार रात को भी ग्वालियर के बिरला नगर और रायरू स्टेशन के बीच शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव किया गया था। इस दौरान ष्ट-5 कोच की खिड़की टूटी। घटना में गोविंदपुर निवासी रेलशिया श्रीवास्तव नाम की महिला यात्री बाल-बाल बचीं।

## निगमकर्मी के सामने छोटे भाई की चाकू से गोदकर हत्या

# भोपाल में विवाद में बीचबचाव करने पहुंचा था, लड़की को लेकर भिड़े थे दो गुट

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के कोलार में नगर निगम के फायरकर्मी के सामने उसके छोटे भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना एक रेस्टोरेंट के पास बुधवार रात 10 से 11 बजे के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फायरकर्मी सूरज मोरे और उसका दोस्त आशीष रेस्टोरेंट में बैठकर चाय पी रहे थे। यहां आशीष का किसी लड़की को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो आशीष ने सूरज के भाई आकाश (23) को कॉल कर बुला लिया। दूसरे



पक्ष ने भी अपने साथियों को बुलाया। इसके बाद दोनों ओर से चाकूबाजी की गई। चाकूबाजी में आकाश और दूसरे गुट का एक युवक जख्मी हो गए। आकाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि मामले में अवध राठौड़ और तरुण कुशवाह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दोनों की तलाश जारी है। इधर, घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में लोग कोलार थाने पहुंच गए और देर रात तक थाने का घेराव कर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अफसर मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांत कराया। आरोपी फरार हैं। बताया जा रहा है कि दोनों गुटों में लड़की को लेकर विवाद था। समाज के वरिष्ठ ने चाय की दुकान पर दोनों गुटों को समझौते के लिए बुलाया था। पंचायत में विवाद का हल तलाशने की बात चल रही थी। तभी वारदात हो गई। रतलाम में 5 जून की रात 17 साल के लड़के की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। उसके शरीर पर 15 घाव मिले थे। जहां वारदात हुई वहां से पुलिस थाना महज 500 मीटर दूरी पर थी। मृतक के दोस्त ने बताया कि वह विशाल रोतिया के साथ बाइक पर जा रहा था। इस दौरान दो बत्ती पेट्रोल पंप के पास देवेंद्र उर्फ कालू मालवीय (21) और अभय राजपुरोहित (21) ने रोक लिया। अभी, विशाल से किसी लड़की से बात करने को लेकर विवाद करने लगा। तभी कालू ने विशाल पर चाकू से वार कर दिया।

## नए पदोन्नति नियमों को लेकर जीएडी आज करेगा मीटिंग

# मंत्रालय में सामान्य, ओबीसी, पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

नगर संवाददाता

**भोपाल।** नए पदोन्नति नियमों को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) आज सभी विभागों के साथ बैठक करेगा। इस बैठक में जीएडी अफसर पदोन्नति नियमों के मुताबिक विभागों की विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन कर पहली बैठक जल्द से जल्द बुलाए जाने के निर्देश देंगे। दूसरी ओर नए पदोन्नति नियमों के विरोध में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा आज मंत्रालय में लंच के दौरान प्रदर्शन किया जाएगा। इसको लेकर मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव, एसीएस जीएडी और मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी को आंदोलन का नोटिस पहले ही दे दिया है। 19 जून को लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025



का राजपत्र में प्रकाशन करने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने नए पदोन्नति नियमों को लेकर सभी विभागीय अफसरों की मीटिंग बुलाई है। जीएडी द्वारा बुलाई गई बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन भी मौजूद रहेंगे। मोहन कैबिनेट द्वारा लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को मंजूरी 17 जून को दी गई। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके नियम जारी किए हैं। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव जीएडी के अलावा सभी ?विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिव शामिल होंगे। सुबह 10.30 बजे से होने वाली बैठक के लिए सभी विभागों के अफसरों को विभागीय तैयारियों के साथ आने के लिए कहा गया है। इस बैठक में विभागों के अफसरों को पदोन्नति नियमों के संबंध में अफसरों के सामने आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए भी राय दी जाएगी ।सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पदोन्नति नियम जारी करने के बाद विभागीय पदोन्नति समिति के गठन पर सबसे पहला फोकस है। इसलिए बैठक में आने के पहले कई विभागों के अफसर पदोन्नति समिति के गठन की प्रक्रिया पूरी करके आ सकते हैं ताकि चीफ सेक्रेटरी को प्रोग्रेस से अवगत कराया जा सके। इसमें एससी-एसटी वर्ग के कम से कम एक अफसर की अनिवार्यता तय की गई है। दूसरी ओर जीएडी अफसरों ने कहा है कि विभाग जून माह में डीपीसी मीटिंग बुलाकर मंत्रालय सेवा और राजस्व से राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के पदों के लिए डीपीसी कर सकता है। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने बताया कि पदोन्नति नियमों में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों की अनदेखी किए जाने के कारण कर्मचारियों अधिकारियों में विरोध गहराता जा रहा है। इसी तारतम्य में मंत्रालय में मंगलवार को सामान्य, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों की एक मीटिंग हुई जिसमें गुरुवार को गेट नम्बर एक के सामने प्रदर्शन कर पदोन्नति नियमों का विरोध करने का फैसला किया गया।

### भोपाल में जो बिल्डिंग गिरी, वह 10 साल पहले जर्जर घोषित

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के टीटी नगर में जिस बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 32 साल के युवक की मौत हुई, वह करीब 10 साल पहले ही जर्जर घोषित हो चुकी है और इन्हें खाली भी कराया जा चुका है। बावजूद इनमें अब भी लगभग 200 परिवार अवैध तरीके से रह रहे हैं। हादसा होने के बाद जिला प्रशासन बिल्डिंग से अवैध कब्जा हटवाकर इन्हें जमींदोज करेगा। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने बताया कि इस बारे में संपदा विभाग के अधिकारियों से बात भी हुई है। जल्द ही बिल्डिंग गिराई जाएगी। जिस बिल्डिंग गिरने से युवक की मौत हुई, उसे हादसे के तुरंत बाद ही ढहा दिया गया है। क्षेत्र के पार्षद जगदीश यादव ने बताया कि ओल्ड एमएलए क्वार्टर के पीछे ही 50 से 60 साल पुराने जर्जर मकान है। जिन्हें 10 साल पहले खाली करा लिया गया था। यह इलाका सुनसान रहता है। इस वजह से अवैध गतिविधियां होती हैं। 200 से अधिक परिवार अवैध तरीके से रह रहे हैं। कइयों ने तो मकान पर कब्जा करके किराए पर दे रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### किराना दुकानदार ने की महिला से छेड़छाड़

इंदौर। एक महिला ने किराना दुकानदार के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज करवाई है। आरोपी दुकानदार ने महिला का हाथ पकड़ा और मोबाइल फोन नंबर मांगने लगा था। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना शीतलनगर की है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर किराना दुकानदार अंकित पिता सीताराम साहू के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं आरोपी अंकित की दुकान पर किराना लेने गई थी उसने किराने का सामान देते हुए छेड़छाड़ की। बुरी नीयत से मेरा हाथ पकड़ा और मेरा मोबाइल नंबर मांगने लगा। वह पहले भई ऐसी हरकतें कर चुका था और घूरता था।

### मजदूर की मौत में ठेकेदार पर केस

इंदौर। दीवार से गिरकर मजदूर की मौत के मामले में ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। ठेकेदार ने बिना सुरक्षा इंतजाम के काम करवाया जिससे हादसे में मजदूर की मौत हो गई। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक गत 20 जून को ओएसिस कालोनी बायपास पर निमार्णाधीन भवन पर कार्य करते समय राज पिता महादेव पटेल( 19) निवासी खरगोन की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। मर्ग जांच में पता चला कि ठेकेदार भागीरथ यादव ने साइट पर मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरणों के लापरवाही से काम करवाया। इसी लापरवाही की वजह से मजदूर राज पटेल की मौत हुई। जांच व अन्य मजदूरों के बयानों के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### भोपाल में कोबरा की मौत के बाद इंदौर में सतकर्ता बढ़ी

इंदौर। वन विहार नेशनल पार्क भोपाल में पिछले दिनों किंग कोबरा की मौत के बाद इंदौर जू में मौजूद किंग कोबरा के स्वास्थ्य को लेकर जू प्रबंधन सतर्क हो गया है। उसे उसके अनुकूल एटमॉस्फियर दिया जा रहा है, ताकि उसका स्वास्थ्य खराब न हो। ये वही किंग कोबरा है जिसकी सौगात एक महीने पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने इंदौर जू को दी थी। बता दें कि इंदौर जू में पहले से एक फीमेल किंग कोबरा है, जिसका रेस्क्यू इंदौर से ही किया गया था। भोपाल वन विहार में किंग कोबरा की मौत के बाद इंदौर में इन दोनों किंग कोबरा को लेकर जू प्रबंधन सतर्कता बनाए हुए है। कर्नाटक के पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क से मेल किंग कोबरा लाया गया है। इंदौर के जू में बने स्नेक हाउस में रखा है। जू प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि किंग कोबरा को जिस तरह की ह्यूमिनिटी और टेम्प्रेचर चाहिए उसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**नशे की लत ने रिश्तों को किया तार-तार, भरोसेमंद बना चोर**

# मुंहबोला भाई निकला घर का चोर, साथी के साथ 3.80 लाख के जेवर उड़ाए

इंदौर।

हीरानगर इलाके में रिश्तों को शर्मसार करने वाली चोरी का खुलासा हुआ है। एक महिला का मुंहबोला भाई ही उसके घर से 3.80 लाख के सोने के जेवर चुरा ले गया। आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सत्यम विहार कॉलोनी में दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी कबूल कर ली। नशे की लत के चलते आरोपियों ने यह कदम उठाया। पुलिस अन्य वारदातों की भी जांच कर रही है।



### रिश्ते में भाई निकला चोर

हीरानगर क्षेत्र में महिला पार्वती (परिवर्तित नाम) के घर से सोने का हार और चेन चोरी हो गई थी। संदेह महिला के मुंहबोले भाई सुमित नागर (उम्र 21 साल, निवासी सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम) और उसके दोस्त शुभम अहीर (उम्र 24 साल निवासी सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम) पर था। लिहाजा थाना प्रभारी ने टीम बनाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 24 जून को फरियादिया की सूचना पर पुलिस ने सत्यम विहार कॉलोनी में घेराबंदी कर दोनों आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया।

### नशे की लत बनी वजह

कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल की। उनके पास से 3.80 लाख रुपये कीमत के सोने का हार और चेन बरामद हुए। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं। नशे के लिए पैसों की जरूरत ने उन्हें इस जुर्म तक पहुँचा दिया। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# क्लियरिंग में डाला गया चेक चोरी कर निकाले 4 लाख रुपए

**कांटछांट कर अकाउंट पे चेक को सेल्फ बना लिया**

इंदौर।

बैंक में क्लियरिंग के लिए डाले गए चेक को आरोपी बैंक से चुरा ले गया और फिर अकाउंट पे चेक को कांट-छांट कर उसने सेल्फ पे चेक बना लिया और दूसरी बैंक से फर्जी आधार कार्ड व आईडी लगाकर 4 लाख रुपए निकाल लिए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला मल्हारगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक धोखाधड़ी की वारदात फरियादी नियाज अहमद पिता सईद एहमद खान निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी के साथ हुई। उसकी शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। टीआई वेदेंद्र सिंह के मुताबिक घटना की शुरूआत 10 जून को कैनरा बैंक शाखा मल्हारगंज एमजी रोड से हुई। फरियादी का खजूरी बाजार में प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार हैं। उसे आजाद हुसैन ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा गांधी नगर ने एक एकाउंट पे चेक रुपए 4 लाख के भुगतान के लिए दिया गया था। फरियादी ने ये चेक एकाउंट पे चेक होने से कैनरा बैंक शाखा मल्हारगंज में जमा पर्ची भरकर बैंक के ड्राप बाक्स में डाल दिया था।

### बैंक गए तो पता चला

जब उक्त चेक करीब दो दिनों तक क्लीयर न हो सका तो फरियादी तीसरे दिन बैंक गया। वहां बैंक कर्मचारी ने चेक तलाशा तो कहीं नहीं मिला। इस पर फरियादी ने पार्टी के दिए गए चेक के बारे में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गांधी नगर से जानकारी निकाली। वहां के बैंक कर्मचारी की ओर से कहा गया कि उक्त चेक 11 जून को सेल्फ विड्राल के माध्यम से क्लीयर हो गया है।

### सीसीटीवी में दिखा संदेही

इस जानकारी के बाद फरियादी ने वापस कैनरा बैंक जाकर वहां के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि वह जिस समय चेक जमा पर्ची भर रहा था, उसी समय एक व्यक्ति उसके पास खड़ा होकर उसे पर्ची भरते देख रहा था। उस संदेही व्यक्ति ने ही बैंक के कर्मचारी से फरियादी का चेक वापस ले लिया था।

### नकली आईडी का इस्तेमाल

टीआई वेदेंद्र सिंह के मुताबिक मल्हारगंज इलाके में केनरा बैंक से चेक ले जाने के बाद आरोपी ने उस चेक को अकाउंट पे मिटाकर सेल्फ का चेक बनाया और फिर गांधीनगर की बैंक पहुंचकर फर्जी आईडी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उक्त चेक के जरिये 4 लाख रुपए प्राप्त कर लिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

**ऑनलाइन कार बुकिंग के नाम पर संगठित ठगी, गिरोह से 10 कारें जब्त**

# किराये पर लेकर कार गिरवी रखने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**राजगढ़ ब्यावरा से 10 गाड़ियां बरामद, सरगना सहित तीन आरोपी गिरफ्तार**

इंदौर।

ZOOM Car ऐप के ज़रिए किराये पर कार लेकर उन्हें गिरवी रखने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने सरगना मोहम्मद हनीफ समेत साथियों को गिरफ्तार कर राजगढ़ ब्यावरा से 10 गाड़ियां बरामद की हैं। आरोपी पहले ऐप से कार बुक करते और फिर सेकंड ऑनर बनकर ग्रामीण इलाकों में वाहन गिरवी रखते थे। शिकायत पर जब जांच हुई तो चौंकाने वाली ठगी का बड़ा नेटवर्क सामने आया। पुलिस अब अन्य कार मालिकों की भी तलाश कर रही है।



### किराये की कारों पर ठगी का खेल

मुख्य आरोपी मोहम्मद हनीफ अपने साथी मोहम्मद मुइनुद्दीन व शैलेन्द्र सिंह के साथ मिलकर कारें बुक करता और उन्हें ग्रामीण इलाकों में सेकंड ऑनर बताकर गिरवी रख देता था। पुलिस उपायुक्त हंसराज सिंह के निर्देशन में टीम ने हनीफ को दबोचकर राजगढ़ ले जाकर उसकी निशानदेही पर 10 कारें बरामद कीं। इनमें कार मालिक पवन, सौरभ, राकेश, राजेश, आशिफ, अभय, हरगोविंद और सुनील के वाहन शामिल हैं। पुलिस को इस ठगी में अन्य वाहनों और अपराधियों के जुड़े होने की भी जानकारी मिली है फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### मालिक को धमकी देकर बनाया दबाव

पवन सक्सेना की बलेनो कार बुक कर आरोपी ने GPS बंद कर दिया। मालिक ने संपर्क किया तो हनीफ ने धमकाते हुए कहा- 'तुम्हारी गाड़ी के टुकड़े कर बेच देंगे।'

# दोस्त से मिलने गई युवती को बदनाम करने बनाया वीडियो, केस दर्ज

इंदौर।

दोस्तों से मिलने गई युवती जब अपने एक पुरूष दोस्त के साथ बिल्डिंग की छत पर टहलने गई तो किसी ने छत का दरवाजा बंद कर दिया। दोनों ने शोर मचा दरवाजा खुलवाया तो दरवाजा खोलने के बाद बिल्डिंग में रहने वाले आरोपियों ने युवती के चरित्र को लेकर आरोप लगाते हुए हंगामा किया और बदनाम करने के लिए वीडियो बनाने लगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली हप्सी रोड स्थित एक मल्टी में हुई। पदेशीपुरा इलाके में रहने वाली पीड़िता की शिकायत पर आरोपी प्रतीक,प्रताप और दीपक के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

युवती ने पुलिस को शिकायत में बताया कि मैं अपने दोस्त दिव्यांश और वैष्णवी से मिलने गई थी। इसी दौरान मैं और दिव्यांश छत पर टहलने चले गए थे तभी किसी ने छत का दरवाजा बंद कर दिया। ज्यादा दरवाजा खटखटाने पर आरोपियों ने दरवाजा खोला और वीडियो बनाने लगे थे। मारपीट का प्रयास भी किया और बदनाम करने की धमकी दी।

**धमकी, डर और ट्रेन यात्राओं की 7 दिन की दहशत**

# इंदौर से लापता किशोरी, भोपाल से मिली अपहरण करने वाली युवती, गिरफ्तार

### किशोरी को साथ घुमाती रही युवती

इंदौर।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी के अचानक लापता होने का राज आखिर 7 दिन बाद खुल गया। इलाके की ही एक युवती ने परिवार को फंसाने की धमकी देकर किशोरी को अगवा किया और देशभर के शहरों में ट्रेनों में घुमाती रही। डर के मारे किशोरी उसके साथ चली गई। पुलिस ने तकनीकी जांच और रेलवे स्टेशन सूत्रों के जरिए भोपाल से किशोरी को बरामद कर युवती को गिरफ्तार किया। किशोरी ने पूछताछ में धमकाकर साथ ले जाने का खुलासा किया।




### अचानक गायब हुई किशोरी

18 जून की रात जूनी इंदौर थाना क्षेत्र से एक किशोरी बिना बताए घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने अगले दिन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के चलते पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया और जांच शुरु कर दी।

### ऐसे हुआ खुलासा

पुलिस ने इलाके के ष्टष्टञ्जङ्क खंगाले और जांच में सामने आया कि सिंधी कॉलोनी की राधा नामक युवती भी उसी दिन गायब हुई थी और दोनों की लोकेशन एक साथ ट्रेस हुई। रेलवे स्टेशन से सूचना मिली कि राधा किशोरी को ट्रेन से ले गई थी। तकनीकी लोकेशन से दोनों भोपाल में मिले।

### 7 दिन का डर और ट्रेनों का सफर

राधा, किशोरी को उज्जैन, इटारसी, जयपुर, दिल्ली, विजयवाड़ा, कांचीगुड़ा तक ट्रेनों में घुमाती रही। डर के मारे किशोरी भी साथ चली गई। पुलिस ने भोपाल के बजरिया थाना क्षेत्र से किशोरी को छुड़ाया और राधा को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त किया और किशोरी को परिजनों को सौंपा गया।

# लाखों की ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाए तीन पैडलर

इंदौर। अलग अलग इलाको में लाखों की ड्रग्स के साथ पुलिस ने तीन पैडलरों को पकड़ा है। इनके पास से ब्राउन शुगर जब्त की गई। एमआईजी पुलिस ने सिंगापुर बिजनेस पार्क के पीछे लिंक रोड से एक आरोपी को पकड़ा इसका नम महेश पिता मेहरबान सिंह निवासी लवकुश कालोनी मांगलिया है। इसके पास से 8.8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसकी कीमत 88 हजार रूपए बताई गई है। इसी प्रकार बाणगंगा पुलिस ने तेजाजी मंदिर के पास टिगरिया बादशाह रोड से आरोपी आदर्श द्विवेदी पिता छोटेलाल द्विवेदी निवासी एकता नगर नंदबाग को गिरफ्तार कर उसके पास से 21.35 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। उधर, राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस टीम ने बायपास पर सिल्वर सिटी के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ा। इसका नाम भोला उर्फ मनोहर पिता छगनलाल निवासी पीलिया खाल मल्हारगंज है। तलाशी लेने पर आरोपी भोला के कब्जे से 17 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत एक लाख 70 हजार रूपए बताई जा रही है। आरोपी से ड्रग तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

**इंदौर में शिवराज-कैलाश की बंद कमरे में चर्चा**

# दोनों नेताओं ने की 18 मिनट बातचीत, केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री बाहर इंतजार करती रहीं

इंदौर।

गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 18 मिनट तक बंद में कमरे में चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर कमरे के बाहर खड़े होकर बैठक खत्म होने का इंतजार करती रहीं।

हालांकि दोनों सीनियर नेताओं ने अकेले में किस विषय पर चर्चा की, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। बता दें कि गुरुवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में सोयाबीन अनुसंधान केंद्र में हितग्राहियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।



### केंद्रीय राज्यमंत्री ठाकुर को 5 मिनट रुकने को कहा

बैठक के दौरान विधायक मधु वर्मा, मनोज पटेल और बीजेपी नेता सावन सोनकर पास के कमरे में बैठे हुए थे। जबकि राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर कमरे के बाहर इंतजार कर रही थीं। वहां मौजूद अधिकारियों ने जब सावित्री ठाकुर के इंतजार करने की सूचना दी तो शिवराज ने उन्हें 5 मिनट और इंतजार करने को कहा।

बता दें कि शिवराज सिंह चौहान और कैलाश विजयवर्गीय दोनों नेता 3 बजकर 13 मिनट पर कमरे में गए थे। करीब 3 बजकर 30 मिनट यानी पूरे 18 मिनट बाद कमरे से बाहर आए। मीडिया द्वारा सवाल पूछे जाने पर विजयवर्गीय ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान से सामान्य मुलाकात करने आया था।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के दौर से साथ में दोनों नेता

शिवराज सिंह चौहान और कैलाश विजयवर्गीय ने लगभग एक ही समय पर राजनीति में कदम रखा और भारतीय जनता युवा मोर्चा (BJYM) में पदाधिकारी रहते हुए काम किया। विजयवर्गीय ने प्रदेश की राजनीति का रुख अपनाया। विधानसभा चुनाव जीते और इंदौर के महापौर बने। वहीं चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। विदिशा से सांसद चुने गए और भाजपा के संसदीय सचिव के रूप में कार्य किया।


### कृषि मंत्री को हाथ से बनी पेंटिंग गिफ्ट की

इंदौर में शिवानी हर्षित गुप्ता ने शिवराज को हाथ से बनी पेंटिंग गिफ्ट की। शिवानी ने बताया की शिवराज सिंह जब मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने स्वरोजगार योजना लोन लेकर बुटीक का काम शुरू किया था। शिवानी ने 2014 में 5 लाख का लोन लिया था। आज 5 करोड़ का प्रोजेक्ट डाल रहे है।


पाल इलेक्ट्रोनिक्स

हमारी दुकान है खास, क्योंकि सभी कम्पनियों की रिपेयरिंग है हमारे पास

ई रिक्शा, बैट्री चार्जर, बैट्री विक्रय एवं मरम्मत



कृषि रक्षा हेतु खटका मशीन निर्माण एवं रिपेयरिंग

हर कोई ने ठाना है, पाल की दुकान है जाना

प्रो.: सुरेश पाल मिस्त्री मोबा. 7000576960

सन्तोष कनकने के पास, रामगढ़ पुल डबरा


**नव आरक्षकों को ट्रैफिक प्रबंधन की सिखी बारीकियां**

# नव आरक्षकों ने कम संसाधन में बेहतर ट्रैफिक कंट्रोल की ली ट्रेनिंग

इंदौर।

पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में नव आरक्षकों को ट्रैफिक प्रबंधन की बारीकियों से रूबरू कराया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यशाला में यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रजेंटेशन, प्रैक्टिकल और क्विज के ज़रिए सड़क सुरक्षा, संकेत बोर्ड, लेन अनुशासन और कम संसाधनों में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने की तकनीकें सिखाईं। 'नजर हटी दुर्घटना घटी' जैसे संदेशों के साथ नव आरक्षकों को स्वयं नियम पालन करने और दूसरों को जागरूक करने की सीख भी दी गई।



पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, मूसाखेड़ी में नव आरक्षकों को ट्रैफिक मैनेजमेंट की वर्कशॉप दी गई। कार्यशाला में एसीपी मनोज कुमार खत्री ने इंजीनियरिंग, एजुकेशन, इंफोर्समेंट और इमरजेंसी केयर जैसे पहलुओं पर प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने ट्रैफिक संचालन, रोड मार्किंग, संकेत बोर्ड, लेन अनुशासन और ट्रैफिक कंट्रोल उपकरणों की जानकारी दी। डीएसपी अनिल वर्मा ने सड़क हादसों की गंभीरता समझाते हुए नव आरक्षकों को नियम पालन का महत्व बताया। आरक्षक सुमंत सिंह ने ट्रैफिक अल्फाबेट, हैंड साईन का डेमो और कविताओं के ज़रिए नियमों की अहमियत बताई। सभी नव आरक्षकों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**सम्पादक की कलम से**

## मानसिक शांति को प्रभावित करती सोशियल डंपिंग

मनोविज्ञानियों के सामने आज इमोशनल डंपिंग बड़ी समस्या के रुप में सामने आ रहा है। बदलते सामाजिक परिवेश में इमोशनल डंपिंग का दायरा बढ़ता जा रहा है तो लोग इमोशनल डंपिंग के आसानी से शिकार भी होते जा रहे हैं। दरअसल आज अपनी समस्याओं का बोझ दूसरे पर लादने का दौर चल निकला है। खासतौर से सोशियल मीडिया का अधिकतम उपयोग आज इसी काम में होने लगा है। डिजिटलीय भाषा में कहो जाएं तो यह दौर इमोशनल डंपिंग का चल निकला है। कहने को तो यह कहा जाता है कि यदि आप किसी परेशानी में हो तो मन को हल्का करने के लिए अपनी समस्या को किसी संगी साथी से साझा करलें, इससे दो लाभ है एक तो तनाव से तात्कालीक मुक्ति मिल जाती है दूसरी और हो सकता है कि सामने वाला कोई सकारात्मक हल निकाल दें। पर कहा यह भी जाता है कि अपना दुख दर्द उसी से साझा करें जो आपके प्रति गंभीर हो। आपके दुख दर्द को सुनकर सहानुभूति के स्थान पर आपको मजाक का कारण तो नहीं बना दे। इमोशनल डंपिंग इससे थोड़ी अलग स्थिति है और आज यह बड़ी समस्या के रुप में सामने आ रही है। होने यह लगा है कि अपने मन मस्तिष्क का बोझ हम आसानी से दूसरे पर ड़ाल देते हैं। यह भी नहीं सोचा जाता है कि जिससे आप साझा कर रहे हैं वह इस स्थिति में है भी नहीं कि आपकी समस्या के प्रति कुछ कर सके। हो तो यह रहा है कि हम हमारे किस्से, दुख, तकलीफ या अन्य अच्छे बुरे समाचार मोबाइल, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, शार्टस या इसी तरह के किसी अन्य माध्यम से दूसरे पर थोप देते हैं और जाने-अनजाने में दूसरा व्यक्ति इमोशनल डंपिंग का शिकार हो जाता है। आज हालात तेजी से गदलते जा रहे हैं। मनोविज्ञानियों के सामने आज इमोशनल डंपिंग बड़ी समस्या के रुप में सामने आ रहा है। बदलते सामाजिक परिवेश में इमोशनल डंपिंग का दायरा बढ़ता जा रहा है तो लोग इमोशनल डंपिंग के आसानी से शिकार भी होते जा रहे हैं। हांलाकि हमारे यहां माना जाता रहा है कि कहने से दुख घटता है पर यह भी कहा जाता है कि अपनी दुख तकलीफ उसे सुनाओं जो सुन सके। आज का दौर लगभग उलटा होता जा रहा है हम हमारी दुख तकलीफ या हमारी बात किसी पर थोपने के लिए उसकी और विभिन्न माध्यमों से धकेल देते हैं और अब समस्या सामने वाले की हो जाती है। दूसरे की मनोस्थिति व परिस्थितियों को समझने की कोशिश ही नहीं होती। यह हालात ज्यादा अच्छे नहीं कहे जा सकते और इसके नकारात्मक परिणाम अधिक आने लगे हैं। इमोशनल डंपिंग में दरअसल जो श्रोता है वह प्रभावित होता है। इसे भी पढ़ें- सोशल मीडिया बच्चों को हिंसक एवं बीमार बना रहा ह मनोविज्ञानी डॉ. रैडल टर्नर का मानना है कि इमोशनल डंपिंग आज समाज को नकारात्मक दृष्टि से प्रभावित कर रही है। आज संप्रेषण या संवाद के विभिन्न माध्यमों से हम अपनी भड़ास निकाल लेते हैं और सामने वाले की मनोस्थिति को समझने का प्रयास ही नहीं करते। अगला व्यक्ति इस समय किन परिस्थितियों से गुजर रहा है

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से वर्ष में दो बार होगी- सप्लीमेंट्री खत्म-पहली परीक्षा फरवरी में कंपलसरी, दूसरी मई में ऑप्शनल-अप्रैल जून में नतीजे



परीक्षा के नए पैटर्न में छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार का यह मौका करियर में मील का पत्थर साबित होगा सीबीएसई 10वीं का नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप,परीक्षाओं में कम तनावपूर्ण माहौल व छात्रों को सीखने का बेहतर मौके देना है- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पूरी दुनिया के मंझे हुएशिक्षाविदों बुद्धिजीवियों व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष विश्लेषणात्मक भूमिका रखने वालों की पूरी नजर गढ़ी हुई है, क्योंकि इस नई राष्ट्रीय नीति 2020 में अनेकों ऐसे अनुशंसित नियम व मौके हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में भारत की पीढ़ीयों में मील का पत्थर साबित होंगे। इसके पूर्व हमने देखे कि इंजीनियरिंग सहित अनेको कोर्स अपनी मातृभाषा में करने का सटीक सिस्टम लागू किया गया है, जो इस एनईपी 2020 का ही हिस्सा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भारत के सभी राज्यों ने भी तुरंत लागू करना चाहिए क्योंकि इस शिक्षा नीति को अपनाने से जोजनरेशन निकलेगी वह पारिस्थितिकीजन्य विश्लेषण कर नई प्रौद्योगिकी वह नीति से आगे बढ़ाने वाली होगी।आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि सीबीएसई के एग्जामिनर कंट्रोलर ने बुधवार दिनांक 25 जून 2025 शाम को प्रेस में बताया कि दसवीं की परीक्षा अब सत्र 2025-2026 से वर्ष में दो बार होगी, व उसका पूरा विवरण बताए जो हम नीचे पैराग्राफ में चर्चा करेंगे।चूँकि इस नए पैटर्न से छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार करने का मौका मिलेगा जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे सीबीएसई 10वीं बोर्ड का नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप परीक्षाओं को कम तनावपूर्ण व छात्रों को सीखने का बेहतर मौका देना है। साथियों बात अगर हम सत्र 2025-26 से सीबीएसई 10वीं की परीक्षा पैटर्न में चेंज की करें तो,अगर हम या हमारे बच्चे 10वीं की तैयारी कर रहे हैं तो यह खबर हमारे लिए बेहद जरूरी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के तरीके में बड़ा बदलाव करने का ऐलान किया है, अब छात्रों को परीक्षा में साल में दो बार बैठने का मौका मिलेगा, यानी अगर कोई छात्र अपने पहले प्रयास के अंकों से संतुष्ट नहीं है, तो वह दूसरी परीक्षा में बैठ सकता है, इसका उद्देश्य छात्रों पर से दबाव कम करना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन का दूसरा मौका देना है।सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक ने दी जानकारी दीं उन्होंने कहा, ''पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा, दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे%%इससे छात्रों को एक ही शैक्षणिक सत्र में दो अवसर मिलेंगे और वे समय पर अपने करियर और आगे की पढ़ाई के लिए निर्णय ले सकेंगे।उन्होंने आगे कहा, ''छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा, छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा, इसका मतलब यह है कि छात्र केवल उन्हीं विषयों की परीक्षा दोबारा देंगे, जिनमें वे अपनी पहली कोशिश से संतुष्ट नहीं हैं %%तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा. इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा, यह बदलाव परीक्षा प्रक्रिया को सरल और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए किया गया है, सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी, नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की ''उच्च अपेक्षा%% वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।सीबीएसई का यह नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप है। नीति का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं को कम तनावपूर्ण बनाना और छात्रों को सीखने के बेहतर मौके देना है,सीबीएसई ने इस बदलाव से पहले फरवरी 2025 में ड्राफ्ट नियम जारी कर सभी हितधारकों से सुझाव मांगे थे,इन सुझावों के आधार पर ही यह नया पैटर्न तैयार किया गया है।सीबीएसई का यह नया फैसला बोर्ड परीक्षा को ज्यादा लचीला और छात्र- केंद्रित बनाता है, अब छात्र अपनी गलतियों को सुधारने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए दो मौके पा सकेंगे, जिससे परीक्षा का तनाव कम होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। कक्षा 10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में उपस्थित होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक रहेगा। आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।इस फैसले के बाद छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका मिल पाएगा। यदि किसी छात्र के अंक पहले चरण में कम रह जाते हैं, तो वह दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करके सुधार कर सकेगा, यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसित एक कदम है। साथियों बात अगर हम 10वीं सीबीएसई के इस चेंज पैटर्न को गहराई से समझने की करें तो, नए एग?जाम पैटर्न की 3 अहम बातें, परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी।विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी। अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब?जेक?ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि पहले और दूसरे चरण की परीक्षाओं में सेलेबस भी एक ही रहेगा और पूर्ण पाठ्यक्रम शामिल होगा, इसके साथ ही जो स्टूडेंट दोनों परीक्षा में हिस्सा लेंगे, उनके परीक्षा केंद्र एक ही होंगे,(1) अगर एग्जाम फीस की बात करें तो रजिस्ट्रेशन के वक्त ही दोनों परीक्षाओं की फीस जमा करनी होगी। (2) सीबीएसई दूसरे एग्जाम के जरिए उन स्टूडेंट्स को मौका देना चाहता है, जो एक बार परीक्षा के बाद अपने परिणामों में सुधार करना चाहते हैं (3) अगर कोई स्टूडेंट साल की दोनों परीक्षाओं में हिस्सा लेता है तो उसके उन नंबरों को फाइनल माना जाएगा, जो ज्यादा होंगे, अगर किसी के पहले एग्जाम में ज्यादा नंबर आते हैं और दूसरे एग्जाम में कम नंबर आते हैं तो उसके पहले चरण की परीक्षा के नंबर को फाइनल माना जा सकता है। बता दें कि स्टूडेंट्स तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की अनुमति दी जाएगी, अगर कोई स्टूडेंट पहली परीक्षा में 3 या 3 से ज्यादा विषयों में शामिल नहीं हुआ है तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।सीबीएसई की ओर से फरवरी में जो ड्राफ्ट तैयार किया गया था, उसमें कहा गया था कि सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के पहले चरण की परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च के बीच आयोजित हो सकती है और दूसरे चरण की परीक्षाएं 5 से 20 मई के आयोजित होंगी।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से वर्ष में दो बार होगी- सप्लीमेंट्री खत्म-पहली परीक्षा फरवरी में कंपलसरी, दूसरी मई में ऑप्शनल-अप्रैल जून में नतीजे,परीक्षा के नए पैटर्न में छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार का यह मौका करियर में मील का पत्थर साबित होगा।सीबीएसई 10वीं का नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप,परीक्षाओं में कम तनावपूर्ण माहौल व छात्रों को सीखने का बेहतर मौके देना है।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

## आम जन के बीच भूमिका तलाशे राजभाषा विभाग



संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी। इसे संयोग कहें या कुछ और, राजभाषा हिंदी को प्रतिष्ठापित करने के लिए गठित भारत सरकार का राजभाषा विभाग जिस समय अपनी पचासवीं सालगिरह मना रहा है, ठीक उसी वक्त महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों में राजभाषा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल तो उस महाराष्ट्र में भी उठ रहा है, जहां के लोकमान्य तिलक, काका कालेलकर और विनोबा भावे जैसी विभूतियों ने हिंदी में राष्ट्रीय एकता के सूत्र दिखे थे। सदा की तरह तमिलनाडु ने हिंदी विरोध में राजनीतिक मोर्चा खोल ही रखा है। संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के तौर पर भले ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन राजभाषा के प्रतिष्ठापन और कार्यान्वयन को लेकर अलग से विभाग की स्थापना आजादी के फौरन बाद नहीं हो पाई। राजभाषा विभाग की स्थापना आजादी के 28 वर्ष बाद 26 जून 1975 को हुई थी। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस दिन स्वाधीन भारत के इतिहास के काले अध्याय यानी आपातकाल की घोषणा हुई, ठीक उसके अगले दिन राजभाषा विभाग अस्तित्व में आया। वैसे यह भी ध्यान देने की बात है कि संभवत- भारत अकेला देश है, जहां राजभाषा के लिए अलग से विभाग है। राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए अधिकारी हैं। दुनिया में ऐसा उदाहरण किसी दूसरे देश में नहीं मिलता। पचास साल की यात्रा पूरी कर चुके राजभाषा विभाग की स्थापना का बुनियादी उद्देश्य राजभाषा संबंधी संवैधानिक और कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और संघ के सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाना रहा। लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

किसी विभाग की पचास साल की यात्रा कोई कम नहीं होती। यह ठीक है कि इस दौरान हिंदी ने लंबा सफर तय किया है। संचार के माध्यमों, बाजार और सिनेमा ने हिंदी को दुनिया के उस कोने तक पहुंचा दिया है, जहां सरकारी सहयोग से उसके पहुंचने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि नए सिरे से हिंदी के विरोध में आवाजें उठ रही हैं। हिंदी विरोधी सुर उन राज्यों में भी दिख रहे हैं, जहां कभी हिंदी के समर्थन में आंदोलन हुए, हिंदी ने जहां रचनात्मक उपलब्धियां हासिल कीं। महाराष्ट्र ऐसा ही राज्य है।

**-शम्भवी सिंह**


ग्रीन इण्डिया
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
क्लीन इण्डिया

सेवा भारती इण्डिया

केन्द्र व राज्य शासन के द्वारा संचालित
योजनाओं की अनुदान सुविधा उपलब्ध है

सभी प्रकार के कृषि यंत्रों के निर्माता एवं विक्रेता।

सम्पर्क सूत्र
भारती विहार, डबरा, ग्वालियर ( म.प्र. )
9826187577, 9826887577


# मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए नागरिकों की सहभागिता मील का पत्थर साबित होगी



आओ प्रकृति के साथी बनें, मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सहकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें, का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी।

साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नईप्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें।उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है।उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है। श्री सद्गुरु ने अपने काम से निश्चित रूप से एक नया पर्यावरण आंदोलन पैदा करने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, वह मिट्टी बचाओ जैसे अभियानों तथा अध्यात्मिकता के माध्यम से दिव्य संदेश दे रहे हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ प्रकृति के साथी बनें। आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें। मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए नागरिकों की सहभागिता मील का पत्थर साबित होगी।



**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से युवक गंभीर घायल आरोपी इलाज के लिए ले गया ग्वालियर

## दोनों पक्षों में हुआ विवाद

नगर संवाददाता



मुरैना। जिले के बागचीनी थाना अंतर्गत सड़क किनारे जा रहे एक व्यक्ति को ईट से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके पश्चात आरोपी ट्रैक्टर चालक उसे जिला अस्पताल ले गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर कर दिया। इधर घायल के परिजनों ने आरोपी पर घायल युवक का अपहरण करने का आरोप लगाया। इसके बाद यह मामला बागचीनी थाने पहुंच गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह जौरा की ओर से ईट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर जा रहे आरोपी चालक ने तेजी एवं लापरवाही से एक युवक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित होने पर आरोपी ट्रैक्टर चालक इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले आया और अपना ट्रैक्टर ट्रॉली घटनास्थल पर ही छोड़ आया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सक ने घायल युवक को ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया। जब वह घायल युवक को ग्वालियर लेकर पहुंचा तो उसकी स्थिति काफी गंभीर थी और कोमा में जा चुका था। आरोपी को लगा कि अब खर्चा ज्यादा होगा तो वह उसके परिजन जीजा साले तथा अन्य लोगों को कहा कि चलो मुरैना चलते हैं, मैं आपको पैसा दे दूंगा। मुरैना पहुंचकर आरोपी ट्रैक्टर चालक द्वारा उन्हें पैसा नहीं दिया गया और ठेंगा दिखाते हुए अपने कुछ लोगों को बुला लिया। इस दौरान गुस्से में घायल युवक के जीजा से आरोपी का विवाद हो गया और दोनों में मारपीट हो गई। घटना के बाद घायल युवक के परिजन सिविल लाइन थाने पहुंचे और बताया कि आरोपी द्वारा उनके साले को घायल कर अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने पूरा मामला समझ और पीड़ित परिवार को बागचीनी थाना में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए रवाना कर दिया। इस मामले में थाना प्रभारी डिंपल मौर्य ने बताया कि घटना की जानकारी जरूर मिली है, लेकिन कोई भी पक्ष यहां थाने नहीं आया है। घटनास्थल से ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर लिया गया है।

# खाद्य विभाग की कार्यवाही, रिफाइण्ड ऑयल से बन रहा था पनीर, किया जप्त

नगर संवाददाता



मुरैना। खाद्य विभाग द्वारा जिले भर में लगातार सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। इसी श्रृंखला में जिले के जोरा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा स्थित 3 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गयी। एक डेयरी पर रिफाइड पामोलिन के उपभोग से पनीर का निर्माण करते मिला, जिसे जप्त किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता एवं अनिल प्रताप सिंह परिहार द्वारा गुरुवार को अपनी टीम के साथ राधाकृष्ण दुग्ध डेयरी मनीष पैट्रोल पंप के पास एमएस रोड का निरीक्षण करने पर डेयरी परिसर में रिफाइंड पामोलिन ऑयल का उपयोग पनीर निर्माण में करते हुए पाया गया। संचालक दुर्गेश जादौन के पनीर एवं रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल के नमूने जाँच हेतु लिये गये। वहीं मौके पर रखा 20 किलोग्राम पनीर जप्त किया गया। उक्त दुग्ध डेरी का रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की अनुशंसा की गयी। जप्त किए गए पनीर की कीमत 10,000 बताई गई है। इसके बाद टीम ने केशव किराना सदर बाजार से घी के नमूने के नमूने जांच हेतु लिए हैं। टीम ने तीसरी कार्यवाही प्रभुदयाल रानेशकुमार सदर बाजार जौरा के यहां करते हुए फोर्टीफाइड ऑयल एवं लाल मिर्च पाउडर के नमूने लिये।

# आंगन बाड़ी केंद्र रजौधा पर हुआ वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पोरसा।




रजौधा प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं आरोह फाउंडेशन तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा रजौधा के संयुक्त प्रयास से आंगन बाड़ी केंद्र रजौधा प्रथम पर वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सत्य वीर सेनी,स्रष्ट तथा कोमल सिंह पिपल द्वारा महिलाओं को स्व रोजगार के माध्यम से आत्म निर्भर कैसे बने इसमें बैंक आपकी क्या मदद कर सकती है और साइबर ठगों से कैसे बचाना है इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही बचत योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना , प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना आदि को विस्तार से समझाया गया जिसमें अटल पेंशन योजना को बुढ़ापे की लाठी बताया गया जिसमें थोड़े से पैसों से ही आप बुढ़ापे में 5000से 10000 रुपए तक मासिक पेंशन का लाभ उठा सकते हैं और अपने जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं उन्होंने बताया इस प्रकार की किसी योजना का लाभ आप बैंक में एक फॉर्म भर कर ले सकते हैं इसकी किस्त आपके खाते से कटती रहेगी इसकी जानकारी आपको किसी भी बैंक में या कियोस्क सेंटर पर मिल जाएगी जिसके लिए आपसे कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा इसके अलावा आर सेटी के डायरेक्टर श्री भगवान सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि आत्म निर्भर बनने के लिए आप स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकती हैं इसके लिए आपको निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा यदि आप 30 महिलाएं एकत्रित हो जाएं तो आपको स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण दिया जाएगा और बैंक से भी आपको लॉन पारित कर दिया जाएगा स्वरोजगार में आप फूलों की खेती, पशुपालन, बकरी पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, मधु मख्खी पालन , मशरूम की खेती, कृषि उद्यमी, सब्जियों की खेती,बेंत बनाना, पापड़ बनाना, अगर बत्ती बनाना, कृत्रिम आभूषण बनाना, सिलाई करना मखमली खिलौने बनाना मोमबत्ती बनाना, ब्यूटीपार्लर इसके अलावा आप मैकेनिकल कोई भी कार्य करना चाहें तो वह भी कर सकती हैं इसके सरकार तथा वित्तीय संस्थान जैसे बैंक आपकी मदद करने के लिए तैयार है इस वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर में आंगन बाड़ी कार्य करता श्रीमती स्नेह लता तोमर तथा सोनी तोमर एवं सहायिका श्रीमती कांति शर्मा एवं गुड़िया सिकरवा तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा रजौधा के शाखा प्रबंधक श्री भारत लाल मीणा तथा बीसी अर्जुन सिंह तोमर एवं सुदीप सिंह तोमर तथा पत्रकार राजेश सिंह तोमर के अलावा 50 से 60महिलाओं ने अपनी भागीदारी की कार्यक्रम के अंत बीसी द्वारा स्वल्पाहार का वितरण भी किया गया।

# जन समस्या का निराकरण हेतु नगर पालिका ने वार्डों में गिट्टी डलवाई

अम्बाह।



नगर पालिका परिषद अम्बाह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शारिब कौशर के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 02 पूठ रोड पर गली क्रमांक 06, वार्ड क्रमांक 03 में गली क्रमांक 10, गली क्रमांक 11 एवं गली क्रमांक 12 कनेक्ट गली, आशीर्वाद स्कूल गली में, जय देवी गार्डन के आगे गली में एवं वार्ड क्रमांक 10 में होतम टी आई के सामने गली में गिट्टी डलवाई गयी मे ! जिससे वहां के रहवासियों को आने जाने में परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# आकस्मिक निरीक्षण में पकड़ी विद्युत चोरी, बनाए गए प्रकरण

नगर संवाददाता



मुरैना। जिले की जौरा विधानसभा में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विद्युत चोरी पकड़ने के लिए आकस्मिक निरीक्षण के दिए गए। निर्देशों का पालन करते हुए स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को अचानक कार्रवाई करते हुए 10 स्थान पर विद्युत की चोरी पकड़ी। सहायक यंत्री पी.एस.यादव, कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा की टीम ने अस्पताल रोड, सविता नगर, रामनगर क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण किया तो 10 विद्युत उपभोक्ता बाईपास विद्युत की चोरी करते हुए पकड़े गए। पकड़े गए सभी विद्युत उपभोक्ताओं के विरुद्ध चोरी के प्रकरण भी बनाए गए हैं। इस दौरान ब्रजमोहन धाकड़, भारत मीणा, हरिओम कुशवाह, ऋषिकेश कुशवाह, मुकेश सविता, अमरकांत शर्मा, एहसान खान, अलीमुद्दीन, घनश्याम सिकरवार सहित अन्य विद्युत कर्मचारी भी साथ रहे।

# अज्ञात वाहन ने नाग को कुचला, नागिन ने नहीं छोड़ी जगह, वहीं प्राण त्यागे

नगर संवाददाता



कैलारस। अभी हाल ही में जिले के अंबाह क्षेत्र में एक नाग नागिन के जोड़े का प्रेम मिलन करता हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो वही एक दुःखद घटना पहाड़गढ़ थाना से 3 किलोमीटर दूर धूडकूड़ा गांव में घटित हुई, जहां एक अज्ञात वाहन से कुचलकर नाग की मौत होने पर उसके सदमे में बैठी नागिन ने भी अपने प्राण त्याग दिए, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़गढ़ से 3 किलोमीटर दूर ग्राम धूडकूड़ा कॉलोनी के पास अज्ञात वाहन से नाग की मृत्यु होने पर सुबह से ही नागिन ने आकर नाग के पास बैठकर अपने प्राण त्याग दिए। ग्राम वासियों ने यह देखा तो उन्होंने नाग-नागिन का अग्नि संस्कार किया। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि नाग-नागिन का रीति-रिवाज के साथ उनकी पूरी क्रिया की जाएगी और गांव में उक्त स्थान पर नाग-नागिन का चबूतरा भी बनाया जाएगा। पहाड़गढ़ जनपद सदस्य चंद्र प्रताप दुबे ने कहा है यह पहली बार देखने को मिल रहा है। सतयुग व द्वापर में पति के साथ पत्नी सती होती रही है। आज हमने देखा है नाग के साथ नागिन सती हुई है, इसीलिए इनकी क्रिया मनुष्य के समान की जाएगी और इनका चबूतरा बनाया जाएगा।

# साधु संतों के आशीर्वाद से ही प्राणीमात्र का कल्याण संभवः विलोकसागर

नगर संवाददाता



मुरैना। गुरुवाणी में सदैव आशीर्वाद छिपा होता है। गुरु कभी भी अपने भक्तों का अथवा संसार के प्राणी मात्र का अहित नहीं सोचते। साधु संत सदैव सम दृष्टि रखते हैं। सच्चे साधु हमेशा जन कल्याण की बात करते हुए सभी को सामान रूप से शुभाशीष प्रदान करते हैं। जो संत अपने स्वार्थ की या अपने हित की बात करता है वो सच्चा संत हो ही नहीं सकता। इसलिए गुरु बनाने से पहिले अच्छी तरह विचार कर लेना चाहिए। गुरु आज्ञा शिरोधार्य कर उसका पालन करना चाहिए। जो व्यक्ति या प्राणी अपने गुरु की आज्ञा का उल्लंघन करता है, उनकी बुराई करता है वह कभी भी सुख शांति के साथ जीवन की नैया को पार नहीं कर पाएगा। इसलिए प्राणी मात्र को अपने गुरु बचनों पर अमल करना चाहिए, गुरु द्वारा बताए गए मार्ग का, दिए गए उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए, तभी आपका कल्याण होगा। यदि आप ऐसा नहीं करोगे तो आपकी दुर्गति होना निश्चित है। उक्त उद्गार जैन संत मुनिश्री विलोक सागर महाराज ने बड़े जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### आचार्यश्री विद्यासागर का दीक्षा दिवस 30 जून को

परम पूज्य संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज का 58वां दीक्षा महोत्सव 30 जून को पूज्य मुनिश्री विलोक सागर एवं मुनिश्री विबोधसागर महाराज के निर्देशन एवं सान्निध्य में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने आज से 58 वर्ष 30 जून पूर्व आषाढ़ शुक्ल पंचमी को वीतरागी जैनेश्वरी मुनिदीक्षा अंगीकार की थी।

# उपभोक्ताओं के द्वारा कार्मिकों के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार और मारपीट, मामले कतई नहीं किए जाएंगे बर्दाश्त - नीरज शाक्य

## विगत रात को उपभोक्ताओं के द्वारा ऑपरेटर के साथ व चौकीदार के साथ किए गए अमर्यादित व्यवहार को लिया गंभीरता से रात्रि में ही थाने पहुंच कर दिया आवेदन

अंबाह।



अंबाह शहर के नवागत एई नीरज शाक्य की शिकायत निवारण तत्परता की कार्यशैली जहां एक ओर शहर भर में चर्चा का विषय बनी हुई थी उसीके साथ-साथ अपने कार्मिकों के प्रति सद्भाव और संवेदना के भाव का नया रूप देखने को मिला, जिससे अधिनिस्थ कर्मचारियों को मनोबल बढ़ाने व उनकी रुचि पूर्ण कार्य में नींव का पत्थर साबित होगा विगत रात्रि को कुछ उपभोक्ताओं के द्वारा सब स्टेशन पर पदस्थ ऑपरेटर के साथ मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ था जिसको गंभीरता से लेते हुए प्रबंधक अंबाह शहर नीरज शाक्य रात्रि में ही स्वयं थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन थाना प्रभारी को सौंपा और उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कार्मिकों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करने वाले उपभोक्ताओं को बक्शा नहीं जाएगा और ऐसी शैली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं दूसरी ओर इंटक संगठन के अंबाह शाखा मिडिया प्रभारी भीमसेन सिंह तोमर ने भी इस प्रकार के कृत्य का पुरजोर विरोध व निंदनीय बताया है ।

# संकल्प और जुनून से मुश्किल रास्ते भी हो जाते हैं आसानः कलेक्टर अस्थाना

### मोबाइल का करें सही उपयोग, नशे पर लगाएं रोकः कमांडेंट सगर

### कलेक्टर और आईपीएस सगर के कर कमलों द्वारा 283 मेधावी विद्यार्थियों को मिला आनन्दम् ब्राइट गोल्ड मेडल

अम्बाह।

मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान से संबद्ध आचार्य आनंद क्लब और ब्राइट कैरियर एकेडमी के सहयोग से आज़ मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना और कमांडेंट राकेश सगर द्धक्क बटालियन 2 ग्वालियर के आतिथ्य में बृहद मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह ब्राइट कैरियर प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 283 विद्यार्थियों को मेधावी आनंदम् ब्राइट गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मंच पर अतिथियों के साथ डॉ प्रगति शर्मा प्राचार्य, एस डी एम राम निवास सिकरवार, बीआरसी आर एस सिकरवार, पूर्व बीआरसी वीरेंद्र सिंह तोमर कार्यक्रम संयोजक सुधीर आचार्य, अध्यक्ष अरविंद मावई , फिजियोथैरेपिस्ट डॉ सुशील कुमार मंचासीन थे। सरस्वती वंदना पूजन के साथ प्रारंभ हुए बृहद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईपीएस राकेश सगर कमांडेंट बटालियन टू ग्वालियर ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को लगता है की बड़े शहरों और सुविधाओं के बीच ही बड़ी सफलता मिलती हैं उन्हें खुद व खुद समझ आ गया होगा कि अगर वह ठान लें तो किसी भी स्थिति में,गांव देहात में रहकर भी अच्छी सफलता पाई जा सकती है आप विद्यार्थियों का मेधावी होना इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है। राकेश सगर ने आगे कहा कि सुधीर आचार्य और उनकी टीम और ब्राइट कैरियर संस्था आपको आगे बढ़ाने के लिए बहुत सुंदर प्रोत्साहन का कार्य कर रहे हैं लेकिन मेरी एक चिंता है मैं विद्यार्थियों में बढ़ती मोबाइल के उपयोग और नशे की प्रवृत्ति के प्रति में सचेत करना चाहता हूं मोबाइल का उपयोग केवल ज्ञान अर्जन के लिए करें उसके दुरुपयोग से बचे हैं और किसी भी प्रकार का नशा आपकी ऊर्जा आपके मेधावी पन को बड़ी क्षति पहुंचा सकता है इसलिए नशे से दूर रहें। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि हाई स्कूल और इंटरमीडिएट सफलता का पहला पड़ाव हैं यहां रुक नहीं जाना है इससे और आगे जाना है । यहां से आगे जाने के लिए और अधिक ऊर्जा शक्ति और संकल्प की जरूरत होती है आपका दृढ़ संकल्प और जुनून आपकी सफलता को आसान बनाता है। आचार्य आनंद टीम द्वारा युवाओं के लिए इस तरह के प्रोग्राम किया जाना सराहनी पहल है। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी और उमस में भी 3 घंटे से अधिक समय तक आपका बैठे रहना और अपने कैरियर और भविष्य से संबंधित बातों को सुनना आपके उज्जवल भविष्य का संकेत है। इस अवसर पर सीबीएसई, मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शासकीय अशासकीय अंबाह पोरसा दिमनी बानमोर जोरा के लगभग 300 विद्यार्थियों को एवं नगर से नीट परीक्षा में चयनित अनुराग सिंह तोमर, विवेक सिंह तोमर, हार्दिक गोयल, तथा जूनियर डांस चैंपियनशिप में नेपाल से गोल्ड मेडल जीतकर लौटी मानवी शर्मा, जीएसटी विभाग मुंबई में चयनित आशुतोष शुक्ला नीति आयोग दिल्ली के लिए चयनित हर्ष जैन का भी सम्मान किया गया। संचालन विश्व नाथ गुर्जर ने और आभार रविशकांत कटारे ने किया।



## संक्षिप्त समाचार

### चक्रतीर्थ न्यास प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में यादव सचिव नियुक्त

**उज्जैन।** प्राचीन शवदाह स्थल चक्रतीर्थ न्यास की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें सर्वानुमति से न्यास के सचिव पद पर अभय यादव को नियुक्त किया गया। न्यास अध्यक्ष अशोक प्रजापत ने बताया चक्रतीर्थ न्यास 1978 से आम जनमानस को शवदाह के लिए उचित मूल्य पर लकड़ी एवं कंडे उपलब्ध करवा रहा है। ट्रस्ट उपाध्यक्ष हरिसिंह यादव के अनुसार नवनियुक्त सचिव यादव ने कहा कि आगामी दिनों में चक्रतीर्थ स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं को संज्ञान में लेकर शेष कमियां पूरी करेंगे। बैठक में ट्रस्ट के दिवंगत पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई और नव नियुक्त न्यासियों का स्वागत किया गया।

### ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैशी समाज का अध्यक्ष बनने पर किया सम्मान

**उज्जैन।** ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैशी समाज के अध्यक्ष पद के चुनाव में इरशाद कुरैशी को निर्विरोध चुना गया। केडी गेट स्थित कुरैशी जमात खाने में चुनाव कराए गए। अध्यक्ष पद के लिए समाज के शरीफ अहमद व इरशाद कुरैशी ने दावेदारी की थी। पूर्व सदर मोहम्मद अय्यूब कुरैशी ने बताया अध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन आए थे, जिनमें से शरीफ अहमद ने अपना नाम वापस ले लिया, इसके चलते समाजजन ने कुरैशी को निर्विरोध सदर घोषित किया व प्रमाण-पत्र प्रदान कर तीन साल के लिए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। अध्यक्ष बनने पर कुरैशी का समाज के लोगों ने साफा बांधकर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। कुरैशी ने समाज के लोगों आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने जो जवाबदारी दी है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इस पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा।

### दुबे अध्यक्ष, हाशमी सचिव

**उज्जैन।** रोटरी क्लब सदस्यों की सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 के लिए ईश्वर चंद्र दुबे लगातार दूसरी बार क्लब अध्यक्ष बने, वहीं क्लब सचिव उरूसा हाशमी नियुक्त की गईं। कोषाध्यक्ष राजेश माहेश्वरी, कार्यकारी सचिव धीरेंद्र रैना, सह सचिव तनिष्क, उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा व प्रफुल्ल यादव नियुक्त किए गए। क्लब की सभा का 27 जून को आयोजित की जाएगी। इसमें सभी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे जाएंगे।

# अवैध जिम तोड़ने पहुंची निगम टीम से वकील की बहस

**उज्जैन निगम की टीम पर जिम की मशीनें तोड़ने का आरोप; वीडियो हुआ वायरल**



**उज्जैन।** नानाखेड़ा स्थित अवैध जिम निर्माण को तोड़ने के दौरान वकील और निगम की टीम में विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नगर निगम के अधिकारियों पर जिम में रखे उपकरण तुड़वाने का आरोप लगे हैं। वायरल वीडियो में निगम के कर्मचारी हथौड़े से जिम के सामान को तोड़ते नजर आ रहे हैं। बड़ी बात यह है कि हाईकोर्ट में 7 जुलाई को इस पर सुनवाई होनी है।

नानाखेड़ा के हर्षदीप टावर की चौथी मंजिल पर सृष्टि राठौर का फिट फ्लेक्स जिम है। अप्रैल में हाईकोर्ट ने जिम के अवैध निर्माण को हटाने का आदेश दिया था। निगम ने उस समय जिम को हटाया भी था, लेकिन संचालक ने स्वयं हटाने की बात कही थी।

निर्माण नहीं हटाने पर निगम बुधवार को जिम के अवैध निर्माण को तोड़ने पहुंची। निगम की टीम को संचालक ने 7 जुलाई को कोर्ट में सुनवाई होने तक रुकने का निवेदन किया, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद राठौर के वकील और निगम कर्मियों के बीच बहस हो गई और जमकर तीखी नोकझोंक हुई।

नगर निगम ने मुझे कभी नोटिस नहीं दिया, उनका नोटिस तेजस तिवारी के नाम पर आया, जबकि संचालक मैं हूं। कोर्ट से भी आदेश तेजस के नाम पर आया। इसके बावजूद निगम के कर्मचारियों ने गुंडागर्दी करते हुए जिम में तोड़फोड़ की है।



**नगर निगम की कार्रवाई का वीडियो वायरल**

नगर निगम की कार्रवाई का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें सृष्टि के वकील और नगर निगम के अधिकारी मुकुल मेश्राम के बीच विवाद हो रहा है। इस बीच नगर निगम की टीम जिम में रखे अवैध निर्माण को तोड़ते हुए लाखों रुपए के उपकरणों पर भी हथौड़ा चलाने लगती है। इस पर जब %भास्कर% ने नगर निगम की ओर से कार्रवाई करने गए अधिकारी मुकुल मेश्राम से सवाल किया, तो उन्होंने घटना से इनकार करते हुए कहा, मैं नहीं जानता, आप भवन अधिकारी से पूछ लीजिए।

इसके खिलाफ हम हाईकोर्ट जाएंगे। उन्होंने कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है। कोर्ट में 7 जुलाई को पक्ष रखने के लिए कहा गया था, लेकिन उससे पहले ही निगम की टीम पहुंच गई और न सिर्फ निर्माण तोड़ा बल्कि 40 लाख रुपए के उपकरण भी तोड़ दिए। हमारा सब कुछ बर्बाद हो गया।

हालांकि, जब महापौर मुकेश टटवाल को स्थिति से अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा, इस तरह की कार्रवाई बिल्कुल गलत है। मेरे पास अब तक कोई शिकायत नहीं आई है। अगर कोई शिकायत आती है, तो मैं कार्रवाई करूंगा।

**'40 लाख रुपए का लोन लेकर मशीनें खरीदी थीं'**

जिम तोड़ने के लिए निगम अफसरों की दो टीम, बाहरी एजेंसी के कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद था। जिम तोड़ने की कार्रवाई देर शाम तक चली। सृष्टि ने आरोप लगाते हुए कहा कि 40 लाख रुपए का लोन लेकर जिम शुरू किया था और अब तक करीब डेढ़ करोड़ रुपए लगा चुकी हैं।

# सिंहस्थ प्रोजेक्ट साइट पर सुपरवाइजर की मौत

**कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना में हादसा, 20 फीट खाई में गिरने से इलाज के दौरान तोड़ा दम, एक घायल**

**उज्जैन।** आने वाले सिंहस्थ कुम्भ मेले की तैयारी के लिए चल रही कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। 20 जून को इंदौर रोड स्थित जमालपुरा क्षेत्र में खुदाई के दौरान दो लोग 20 फीट गहरी खाई में गिर गए। इस हादसे में एक सुपरवाइजर की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर घायल हो गया।

हादसे में जान गंवाने वाले सुपरवाइजर का नाम याकूब कुरैशी (39), निवासी बेगमबाग उज्जैन है। वहीं घायल श्रमिक कमल चौधरी, निवासी मथुरा को इलाज के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। कमल चौधरी ने बताया कि 20 जून को बारिश के कारण काम बंद था। वे दोनों यह देखने गए थे कि काम शुरू होगा या नहीं। उसी दौरान याकूब का पैर फिसला और वे खाई में गिर गए।





कमल उन्हें बचाने गया तो वह भी नीचे गिर पड़ा। दोनों को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां याकूब को सिर में गंभीर चोट के कारण उसी रात मौत हो गई। प्रोजेक्ट इंचार्ज केपी सिंह ने बताया कि "बारिश के कारण काम बंद था। याकूब यह देखने गया था कि काम शुरू हो सकता है या नहीं, तभी वह फिसलकर गिर गया। साथ में खड़ा दूसरा कर्मचारी भी गिर गया। याकूब को सिर में गहरी चोट आई थी, जिससे उसकी मौत हो गई।"

याकूब के साले जाबिर हाजी ने कहा कि पूरा परिवार इस हादसे से बहुत दुखी है। अभी तक कंपनी से कोई बात नहीं हो पाई है। याकूब पेटी कॉन्ट्रैक्टर के तहत काम कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। सरकार चाहती है कि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालु शुद्ध और साफ शिप्रा नदी में स्नान कर सकें। यह देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसमें एक नदी को दूसरी नदी से मिलने से रोकने के लिए सुरंग और नहर बनाई जा रही है।

**जमीन के 100 फीट नीचे बन रही सुरंग**

उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियां चल रही है। शिप्रा नदी को साफ रखने के लिए सरकार कान्ह क्लोज डक्ट योजना पर काम कर रही है। इसके तहत कान्हा नदी को डायवर्ट किया जाएगा, ताकि उसका गंदा पानी शिप्रा में न मिले। इस योजना में कान्हा नदी को 30 किलोमीटर के इलाके में मोड़ा जाएगा। इसके लिए 13 किलोमीटर लंबी सुरंग (टनल) और 18 किलोमीटर लंबी नहर बनाई जा रही है। कुछ जगहों पर टनल की गहराई 26 मीटर तक होगी।



## शांति समिति की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को माधव नगर कंट्रोल रूम के सभा कक्ष में शांति समिति की बैठक आगामी पर्वों के मद्दे नजर आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों के द्वारा शांति एवं कानुन व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाए किए जाने के संबंध में सुझाव दिए गए । कलेक्टर सिंह ने दिए गए सुझावों पर आश्वासन देते हुए कहां कि सभी सुझावों पर उचित कार्यवाही की जाएगी । उन्होनें अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में निर्माण कार्य के दौरान जो भी गड्ढे हुए हैं उन्हे शीघ्र अतीशीघ्र दुरुस्त करवाया जाए , शिप्रा तट पर होमगार्ड के जवानों द्वारा लाउडस्पीकर पर सतत अनाउंसमेंट किए जाए। आने वाले समय में ट्रैफिक व्यवस्था के उचित संचालन हेतु शहर के कुछ स्थानों पर वन वे ट्रैफिक की व्यवस्था की जाएगी । धर्म गुरुओं एवं नागरिकों से अपील की की आगामी त्योहारों को सजगता एवं सौहार्द के साथ मनाए, सोशल मीडिया पर भ्रामक चीजों को प्रसारित ना करें,अफवाहों पर ध्यान ना दे । बैठक के अंत में समिति के सदस्य श्री द्वारकाधीश चौधरी के अनुरोध पर गतदिनो समिति के सदस्य सुरेन्?द्र सिंह अरोड़ा जी के देहावसान पर दो मिनट का मौन रखा गया ।

# महाकाल का अनोखा भक्त, हर महीने दर्शन करने आते हैं उज्जैन

**5.80 लाख रुपए के आभूषण बाबा को किए भेंट**

**उज्जैन।** कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पूजन-अर्चन और दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। वहीं, कुछ भक्त ऐसे भी हैं जो बाबा महाकाल की भक्ति में इतने लीन हैं कि अवसर मिलते ही दर्शन के लिए उज्जैन पहुंच जाते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार दान-पुण्य भी करते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण हलहारिणी अमावस्या पर देखने को मिला, जब हरियाणा से आए एक श्रद्धालु ने बाबा महाकाल को 5 किलो चांदी का मुकुट, नाग आकृति के कुंडल और मुण्डों की माला भेंट की।

गुरुग्राम (हरियाणा) से आए श्रद्धालु सोनू गुर्जर ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में 1 नग चांदी का मुकुट, 2 नग नाग आकृति के कुंडल और 7 नग मुण्डों की माला बाबा महाकाल को अर्पित की। सोनू बाबा महाकाल के अनन्य भक्त हैं और हर माह उज्जैन आकर बाबा के दर्शन करते हैं। वह बाबा में अगाध श्रद्धा और विश्वास रखते हैं, वे मानते हैं कि बाबा उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।




**चांदी की अनुमानित कीमत 5.80 लाख-** सोनू गुर्जर ने बताया कि बाबा महाकाल के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा है। "बाबा मेरे हर बिगड़े काम बना देते हैं, इसीलिए मैं हर महीने उनके दर्शन करने आता हूं। मैंने लगभग 5.80 लाख रुपये का 5 किलो चांदी का मुकुट बाबा महाकाल चरणों में अर्पित किया है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से वीरेन्द्र शर्मा ने दान प्राप्त कर दानदाता सोनू गुर्जर का सम्मान किया और उन्हें विधिवत रसीद प्रदान की।

### पिछले 24 घण्टे में उज्जैन जिले में औसत 13.6 मि.मी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 13.6 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें उज्जैन तहसील में 52.0 मि.मी, खाचरोद में 6.0 मि.मी , घट्टिया में 4.0 मि.मी , बड़नगर में 20.0 मि.मी , झार्डा में 24.0 मि.मी , तराना में 5.0 और माकड़ोन में 12.0 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है।




नगर निगम में ठेकेदारों को भुगतान रुका

## कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त के खिलाफ किया प्रदर्शन, विकास कार्य रुके

**उज्जैन।** नगर निगम के मुख्य गेट पर गुरुवार को कांग्रेस पार्षद दल ने जोरदार प्रदर्शन किया। पार्षदों ने तख्तियां लेकर आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का मुख्य कारण कांग्रेस पार्षदों के क्षेत्रों में विकास कार्य न होना और ठेकेदारों को भुगतान न करना था।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय के अनुसार पिछले 3 वर्षों से निर्माण कार्य नहीं हो रहे हैं। इस मुद्दे पर आयुक्त आशीष पाठक को कई बार अवगत कराया गया। कुछ दिन पहले शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश भाटी के साथ आयुक्त से चर्चा भी हुई थी। आयुक्त ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था।

रवि राय ने कहा कि भुगतान न मिलने से ठेकेदारों ने काम करना बंद कर दिया है। वार्डों में टूटी सड़कें, नालियां, उद्यान और चेंबर की मरम्मत का काम रुका हुआ है। शासन करोड़ों रुपए की घोषणा कर रहा है, लेकिन नगर निगम के टेंडर में कोई ठेकेदार या एजेंसी भाग लेने को तैयार नहीं है। दोपहर को नगर निगम के साधारण सम्मेलन में भी यह मुद्दा उठाया गया। सम्मेलन में 15 प्रकरणों पर चर्चा के लिए रखा गया था। सदन की कार्यवाही के दौरान पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

# पत्नी की हत्या करने वाले को फांसी की सजा

**उज्जैन कोर्ट ने कहा-मरने तक लटकाया जाए; बच्चों को नानी के घर भेजकर मारी थीं गोलियां**

**उज्जैन।** पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी वाहिद लाला को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई। घटना करीब 15 माह पुरानी धुलेंडी (होली) वाले दिन की है। वाहिद लाला ने अपने बच्चों को नानी के घर भेजकर पत्नी संजीदा बी को गोली मारी थी।

कोर्ट में गुरुवार को इस मामले में सजा सुनाते हुए फैसले में कहा कि दोषी को फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाए जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए। कोर्ट ने अवैध रूप से शस्त्र रखने पर 5 वर्ष के कठोर कारावास और 100 रुपए अर्थदंड की सजा भी सुनाई है।

**होली के दिन मारी थी गोलियां-** थाना नागझिरी के गणेश नगर में रहने वाले वाहिद ने 25 मार्च 2024 को होलिका दहन के अगले दिन धुलेंडी की सुबह पत्नी 45 वर्षीय संजीदा बी को आदर्शनगर स्थित उसकी चाची के घर के सामने गोलियां मारी थीं, जिससे उसकी मौत हो गई थी। हत्या से पहले वाहिद लाला ने बेटे फरहान और दो बेटियों को ई-रिक्शा से एटलस चौराहा क्षेत्र में रहने वाली नानी के घर रवाना कर दिया। बच्चों से कहा था कि वह उनकी मां के साथ पीछे बाइक से आएगा।



**पत्नी के चरित्र पर शक करता था**

जिला अभियोजन अधिकारी राजेंद्र खांडेगर ने बताया कि एक साल चले केस में कोर्ट ने आरोपी को फांसी की सजा सुनाई है। एडीपीओ मिश्रीलाल चौधरी ने बताया कि वाहिद ने चरित्र शंका पर पत्नी को पेट कनपटी पर तीन गोली मारी थीं। उसे लगता था कि पत्नी का उसी के भतीजे से अवैध संबंध है। आरोपी वाहिद करीब 16 साल पहले हुई एक हत्या के मामले में भी जेल जा चुका था।

अरमान गुरुनानक क्लीनिक
हमारी है अनोखी पहचान
सेवा में है हमारा नाम
डॉ. जी.एस. गिल
(बी.ए.एम.एस.)
डॉ. हेमन्त सिंह
कोई भी दवाई जायेगी मिल
आसान हो जायेगी हर मुश्किल
बांके बिहारी मेडिकल के पास, जवाहर कॉलोनी रोड, रामगढ़ पुल, डबरा, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)

**वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आपदा उपकरण एवं रेस्क्यू के दौरान रखी जाने वाली सावधानी के बारे में जानकारी दी**

# होमगार्ड लाइन में 110 गार्ड्स जवानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण

**उज्जैन।** वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन जिले में 110 होमगार्ड जवानों का दो दिवसीय आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम होमगार्ड लाइन उज्जैन में संचालित किया गया । इसके अंतर्गत जिले में गठित विभिन्न 09 डीआरसी , क्यूआरटी डीजी रिजर्व डिविजनल रिजर्व एवं स्थानीय गार्ड में तैनात 110 होमगार्ड जवानों को होमगार्ड लाइन में प्रशिक्षण दिया गया जिसमें दिनांक 24/6/25 को उज्जैन शहरी क्षेत्र की स्थानीय गार्ड एवं कार्यालय में तैनात जवानों को प्रशिक्षण दिया गया जिसके अंतर्गत बाढ़ आपदा में उपयोगी आपदा उपकरण एवं रेस्क्यू के दौरान रखी जाने वाली सावधानी सहित आपदा सामग्री को लोड अनलोड करते समय क्या क्या सावधानी रखनी हैं इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बाढ़ आपदा में फंसे नागरिकों को किस प्रकार से प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित स्थान तक ले जाना है इसके बारे में बताया गया । प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र 26 जून को आयोजित किया गया जिसमें जवानों को जिले की भौगोलिक स्थिति सहित आपदा के दौरान बचाव के तरीकों के बारे में सिखलाई दी गई।



जिला होमगार्ड कमांडेंट श्री संतोष जाट ने बताया की उज्जैन जिले में इस वर्ष सामान्य से अत्यधिक वर्षा की चेतावनी मौसम विभाग द्वारा जारी की है इसको दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण जिले में 9 डीआरसी का गठन किया गया है जिसमें प्रत्येक डीआरसी में कुशल जवानों की टीम मय आपदा उपकरण के 24 घंटे तैयार रहेगी ,साथ ही जिला स्तर पर इमरजेंसी ऑपरेटिंग सेंटर ( ईओसी) का गठन किया गया है, इमरजेंसी ऑपरेटिंग सेंटर जिले से आपदा की सूचना एकत्रित कर जिले में गठित क्यूआरटी टीम डिविजनल रिजर्व, डीजी रिजर्व को तत्काल आपदा ग्रस्त क्षेत्र में मूवमेंट हेतु निर्देशित करेगी जिससे कि समय से प्रभावित क्षेत्रों तक मदद पहुंच सके। जिला सेनानी श्री संतोष कुमार जाट ने बताया इसके अतिरिक्त जिले में कार्यरत 300 आपदा मित्र एवं जिले में प्रशिक्षित 1800 सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स की भी सेवाएं आगामी वर्षा ऋतु में बाढ़ आपदा के दौरान होमगार्ड विभाग द्वारा ली जाएगी।

### ब्रिजटाउन टेस्ट-हेड का अर्धशतक, सील्स 5, जोसेफ ने 4 विकेट लिए

# ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 180 पर ऑलआउटः पहले दिन वेस्टइंडीज 57/4

**नई दिल्ली।**

वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने 4 विकेट खोकर 57 रन बना लिए हैं। ब्रैंडन किंग (23) और कप्तान रोस्टन चेज (1) नाबाद लौटे।




चार बल्लेबाज ही छू सके दहाई का आंकड़ा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का पहली पारी में काफी निराशाजनक प्रदर्शन रहा। टीम के केवल चार बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। ट्रेविस हेड 59, उस्मान ख्वाजा 47, कप्तान पैट कमिंस 28 और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने 11 रन बनाए।

सील्स 5 और जोसेफ ने 4 विकेट लिए वेस्टइंडीज की तरफ से पहली पारी में जेडन सील्स और शमार जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी की। सील्स अपने 15.5 ओवरों के स्पेल में पांच विकेट झटके। जबकि जोसेफ ने 16 ओवरों के स्पेल में चार विकेट लिए। इन दोनों गेंदबाजों के अलावा जस्टिन ग्रीव्स ने एक विकेट हासिल लिया।

स्टंप तक वेस्टइंडीज ने भी चार विकेट गंवाए वेस्टइंडीज की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर क्रैग ब्रैथवेट (4) और जॉन कैंपबेल (7) जल्दी पवेलियन लौट गए। उसके बाद केसी कार्टी ने 20 और जोमेल वार्रिकान बगैर खाता खोले ही आउट हो गए। टीम का स्कोर दिन की समाप्ति तक चार विकेट के नुकसान पर 57 रन है। पहले दिन कुल 14 विकेट गिरे।

### कोलंबो टेस्टः बांग्लादेशी टीम 247 रन पर ऑलआउट

# श्रीलंका ने बांग्लादेश पर 43 रन की बढ़त बनाई पथुम निसंका शतक बनाकर खेल रहे, स्कोर 290/2

**नई दिल्ली।**

श्रीलंका ने टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 43 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने गुरुवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट खोकर 290 रन बना लिए। ओपनर पथुम निसंका 146 और प्रबथ जयसूर्या 5 रन पर नाबाद हैं। लहिरू उदरा 40 और दिनेश चंडीमल 93 रन पर बनाकर आउट हो चुके हैं। बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और नईम हसन एक-एक विकेट ले चुके हैं। इससे पहले बांग्लादेशी टीम पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई।




बांग्लादेश ने 220/8 के स्कोर से खेलना शुरू किया था और आखिरी दो विकेट 27 रन बनाने में गंवा दिए। 8 रन से पारी शुरू करने वाले तैजुल इस्लाम 33 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका से असिथा फर्नांडो और सोनल दिनुषा ने 3-3 विकेट झटके। विष्वा फर्नांडो को 2 विकेट मिले।

ओपनर्स की फिफ्टी पार्टनरशिप पहले सेशन में बांग्लादेश को 247 रन पर ऑलआउट करने के बाद श्रीलंकाई टीम ने मजबूत शुरुआत की। पथुम निसंका और लहिरू उदारा की जोड़ी ने लंच ब्रेक तक फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली थी। यहां टीम का स्कोर 83/0 रहा। श्रीलंकाई ओपनर्स की साझेदारी को तैजुल इस्लाम ने तोड़ा। उन्होंने लहिरू उदारा को 40 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। निसंका और उदारा ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े।

निसंका का तीसरा शतक, चंडीमल के साथ 194 रन की साझेदारी 88 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद पथुम निसंका ने दिनेश चंडीमल के साथ शतकीय साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को टी-ब्रेक तक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने चंडीमल के साथ मिलकर 311 बॉल पर 194 रन बनाए। चंडीमल 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नईम हसन ने लिटन दास के हाथों कैच कराया।

# बल्लेबाज यशस्वी की खराब फील्डिंग टेस्ट टीम पर पड़ी भारी

**नई दिल्ली।**

यशस्वी जायसवाल इन दिनों काफी चर्चा में हैं। दरअसल, लीड्स के हेडिंग्ले में टीम इंडिया की हार के बाद वह सवालों के कटघरे में हैं। उन्होंने इस मुकाबले में चार कैच छोड़े और चारों ने फिर भारत के खिलाफ खूब रन बनाए। सिर्फ यशस्वी ने नहीं, बल्कि बाकी भारतीय फील्डर्स से भी कैच छूटे। टीम इंडिया की खराब फील्डिंग से लीड्स में इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीत हासिल की। यशस्वी के कैच छोड़ने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया देखने लायक थी। वह बेहद निराश नजर आ रहे थे। अब जब दूसरा टेस्ट दो जुलाई से खेला जाएगा तो यशस्वी से फील्डिंग के स्तर में सुधार की गुंजाइश होगी। क्रिकेट मैच में यह कहावत काफी प्रसिद्ध है कि कैच छोड़ो मैच छोड़ो। पिछले तीन टेस्ट में यह कहावत सही साबित हुई है। यशस्वी ने इन मैचों में जितने रन बनाए, उससे ज्यादा रन जिनको उन्होंने जीवनदान दिया, उसने बना डाले।



### यशस्वी ने चार कैच छोड़े

यशस्वी आने वाले समय के सितारे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है, लेकिन उनकी फील्डिंग लीड्स टेस्ट के बाद सवालों के घेरे में आ गई। यशस्वी ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बेन डकेट का कैच छोड़ा। तब वह 97 रन पर थे। इसके बाद उन्होंने 149 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, पहली पारी में भी यशस्वी ने स्लिप में शतकवीर ओली पोप और हैरी ब्रूक के भी कैच छोड़े। पहली पारी में ब्रूक ने 99 रन और पोप ने 106 रन बनाए। इससे फैंस काफी नाराज हुए। फिर यशस्वी को चार कैच छोड़ने के बाद इंग्लिश फैंस के सामने डांस करते भी देखा गया।

### यशस्वी की बल्लेबाजी पर हावी खराब फील्डिंग

यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पिछले साल मेलबर्न टेस्ट से कुल मिलाकर तीन टेस्ट खेले हैं। मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी से यशस्वी ने कुल मिलाकर सात कैच ड्रॉप किए हैं। यशस्वी ने इस दौरान पांच पारियों (दूसरी पारी से) में बल्लेबाजी की है और 221 रन बनाए हैं।

# लवलीना-निकहत एलीट महिला मुक्केबाजी में दिखाएंगी दम

**हैदराबाद।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में दबदबा दिखाने उतरेंगी। इन दोनों भारतीय महिला मुक्केबाजों की कोशिश शुक्रवार से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में खिताब हासिल करने पर टिकी होंगी। भारत की कई शीर्ष महिला मुक्केबाज भी इस टूर्नामेंट में कौशल दिखाएगी जो एक जुलाई तक चलेगा जिसमें पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो भी शिरकत करेंगी।

इस टूर्नामेंट का आयोजन तेलंगाना राज्य संस्था भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और तेलंगाना खेल प्राधिकरण का अंतर्गत हो रहा है।




इसमें 15 इकाईयों की मुक्केबाज हिस्सा लेंगी। अन्य बड़ी मुक्केबाजों में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन, ओलंपियन प्रीति, विश्व युवा चैंपियन अरूंधति चौधरी भी शामिल हैं जो 100 से अधिक मुक्केबाजों के साथ रिंग में उतरेंगी।

## व्यापार

# सोना-चांदी में निवेशकों का रूझान कमजोर

**इंदौर।**

अंतरराष्ट्रीय बुलियन बाजार में सोना व चांदी के भाव कम हो रहे हैं। निवेशकों की लेवाली कमजोर कमजोप पड़ गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 3322, ऊपर में 3337, नीचे में 3319 डॉलर प्रति औंस व चांदी 3574. ऊपर में 3605, नीचे में3567 सेंट पर है। भारतीय बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट आई है। स्थानीय सराफा बाजार में सोना 300 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 200 रुपए किलो घटी है। दरअसल, सटोरियों की कागजी सौदेबाजी और छुटपुट ज्वेलर्स की पूछताछ रहने से भाव में ज्यादा कमी नहीं आ पा रही है। हालांकि बाजार में उपभोक्ता ग्राहकी बेहद सुस्त है।



इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,983 रुपए बढ़कर 97,157 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 19,183 रुपए बढ़कर 1,05,200 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

इंदौर सराफा-सोना केडबरी रवा नकद 97700, आरटीजीएस 99600 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91300 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 104800, आरटीजीएस 107000 और टंच 105200 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1165 रुपए प्रति नग बिका।

# तुवर पर मण्डी शुल्क से छूट

**इंदौर।**

मध्यप्रदेश के बाहर से दाल बनाने के लिए मंगाई जाने वाली तुवर पर सरकार ने मंडी शुल्क से छूट दे दी है। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि म. प्र. की दाल इंडस्ट्रीज़ द्वारा राज्य के बाहर से (आयातित) तुवर प्रसंस्करण के लिए मंगाई जाती है, तो उस पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल ने आगामी आदेश तक छूट दी है। इससे तुवरदाल के भाव 1-2 रुपए कम हो जाएंगे। इधर, छावनी मंडी में मूंग की आवक का दबाव भी बढ़ने से भावों में हल्की गिरावट आई है, जबकि चने में मिलों और कारोबारियों के खरीदी रूझान से 25 रुपए क्विंटल का सुधार है।



दलहन-चना कांटा 6000-6025, डंकी चना 5200-5500, विशाल 5800-5850, काबुली चना 8800-9500, काबुली चना रशियन 5900-6200, बिटकी 5300-5400, मसूर 6050-6100, तुवर नई महाराष्ट्र सफेद 6750, महाराष्ट्र लाल 6790-7000, कर्नाटक 6900-7100, तुवर निमाड़ी 67, मूंग बेस्ट नया 7100-7250, एवरेज 6700-7000, मोगर 5600-6200, उड़द नया गर्मी 6500-7400, बेस्ट 7400-7600, मीडियम 6200-6500, हलका 3000-5000 रुपए, कंटेनर में डॉलर चना 42/44 108750, 44/46 10550, 50/52 9250, 58/60 8000, 60/62 7900 रुपए क्विंटल।

दालें-चना दाल 7300-7500 मीडियम 7700-7900 बेस्ट 8000-8100 मसूर दाल 7750-7850 बेस्ट 7950-8050 मूंग दाल 8400-8600 बेस्ट 8800-9000 मूंग मोगर 9400-9500 बेस्ट 9800-9900 तुवर दाल 7500-7600 मीडियम 8700-8900 बेस्ट 9200-9300 ए. बेस्ट 10100-10300, ब्रांडेड तुवर दाल नई 10700 उड़द दाल 8650-8750 बेस्ट 8850-9050 उड़द मोगर 9800-10000 बेस्ट 10100-10200 रुपए प्रति क्विंटल।

चावल-बासमती (921) 11000-12000, तिबार 9500-10500, बासमती दुबार पोनिया 8500-90500, मिनी दुबार 7500-8000, मोगरा 5000-7000, बासमती सेला 7000-9500, कालीमूंछ डिनर किंग 8500, राजभोग 7000, दुबराज 4500-5500, परमल 3500-3800, हंसा सेला 3600-3800, हंसा सफेद 3000-3200, पोहा 4800-5500 रुपए क्विंटल रहे।

अनाज- गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 2550-2575, (147) 2900-3000, एवरेज 2600-2700, मालवराज 2350-2575, पूर्णा 2700-2900, चन्द्रोसी 3200-3300, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2775-2300 रुपए क्विंटल।

## इंदौर बाजार भाव

**शकर-** 4110-4120 बेस्ट क्वालिटी 4130-4140, गुड़ कटोरा 4600-4700, लड्डू 5200, गिलास 5000-5200 रुपए क्विंटल।

**नारियल-** 120 भरती 2900-2950, 160 भरती 3300-3400, 200 भरती 3650-3700, 250 भरती 3800-3900 रुपए प्रति बोरी।

**खोपरा गोला बाक्स-** 275-300 कट्टे में 260 रुपए प्रति किलो। खोपरा बूरा 4100-6150 रुपए प्रति (15 किलो)।

**पूजन सामग्री-** देशी कपूर 700 से 710, पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 सिंदूर (25 किलो) 7450 रुपये। केसर 165 से 175 बेस्ट 190 से 193 रुपए प्रति ग्राम।

**फलाहारी-** साबूदाना सच्चामोती एगमार्क (500) 5350, सच्चासाबु एगमार्क (500 ग्राम) 5500 साबूदाना चक्र एगमार्क 5420, गोपाल लूज (25 किलो) 4790, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)- 9400 रुपए।

**मसाले-**कालीमिर्च 711 से 715, मिनिमटर 770 से 775, मटरदाना 830 से 835 हल्दी निजामाबाद 170 से 210, हल्दी सांगली 260 से 265 जीरा 255 से 275, मीडियम 265 से 275 बेस्ट 285 से 315, सौंफ मोटी 130 से 145, बेस्ट 185 से 285, एक्सट्रा बेस्ट 340 से 450, बारीक 280 से 350, लौंग चालू 780 से 800, बेस्ट 825 से 840, दालचीनी 255 से 265, जायफल 680 से 715, बेस्ट 720 से 725, जावत्री 2000 से 2050, बड़ी इलायची 1550 से 1850, बेस्ट 1950 से 2050, पत्थरफूल 240 से 425, बाद्यान फूल 475 से 575, बेस्ट 625, शाहजीरा खर 450, ग्रीन 925 से 950, तेजपान 90 से 98, नागकेसर 940 से 965, सौंठ 280 से 340, धोली मूसली 2175 से 2200, हींग 751- 3450, पाउच में 10 ग्राम 3550, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 875 से 925, हरी इलायची 2750 से 2875, मीडियम 2925 से 3150, बेस्ट 3250 से 3300, एक्सट्रा बेस्ट 3350 रुपए।

**सूखे मेवे-**काजू डब्ल्यू 240 नंबर 950-960, डब्ल्यू 320 830-860, डब्ल्यू 300 नंबर 800 से 815, जेएच 840850, टुकड़ी 780-830, बादाम इंडिपेंडेट 730 से 760, अमेरिकन 770-790, मोटादाना 880 से 900 टांच 760 से 780, खसखस चालू 950 से 1200, बेस्ट 1300 से 1500, तरबूज मगज 540 से 560, खारक 85 से 95, मीडियम 115 से 145, बेस्ट 165 से 275, किशमिश कंधारी 360 से 450, बेस्ट 475 से 550, इंडियन 340 से 360, बेस्ट 360-380, चारौली 1850 से 1950, बेस्ट 1950 से 2000, मुनक्का 350 से 550, बेस्ट 850 से 925, अंजीर 975 से 1175 बेस्ट 1275 से 1575, मखाना 1175 से 1375 बेस्ट 1475 से 1675, पिस्ता कंधारी 2100-2200, पिशोरी 2400-2600, नमकीन पिस्ता 950-1200, अखरोट 485-600, बेस्ट 725-765 गिरी 775-875, बेस्ट 1050-1250, जर्दालू 350 से 450, बेस्ट 550-600 रुपए।

# कालीमिर्च सुस्त, जीरा मजबूत

**इंदौर।** घटी कीमत पर भी कालीमिर्च का उठाव सुस्त ही बना हुआ है। आवक तथा कीमत एक दिन पूर्व के स्तर पर ही बनी हुई है। मानसून सीजन की वजह से सुस्त ही बनी रहने का अनुमान है। सौंठ में भी कारोबार कम होने से मंदी का रुख है। जीरे के उठाव में वृद्धि देखी गई। यही वजह है कि यहां जीरा 200 रुपए तेज होकर 21,900 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया। इससे पूर्व हाल ही में इसमें इतनी ही मंदी आई थी। उत्पादक मंडी ऊंझा में इसकी करीब 8-9 हजार बोरियों की आवक होने तथा 40-50 रुपए प्रति 20 किलो की तेजी है। सटोरियों की हल्की-फुल्की खरीदी से वायदा 65 रुपए या 0.34 प्रतिशत बढ़कर 19,205 रुपए हो गया। आने वाले एक-दो दिनों में हाजिर में जीरा मजबूत ही बना रहने की उम्मीद है।

# सोयाबीन में फिर मंदी के आसार

**इंदौर।**

ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर होने की खबरें से निवेशकों की बिकवाली के दबाव में शिकागो के सक्रिय तिमाही सोया तेल वायदा में 109 सैंट प्रति पौंड तथा केएलसीई के सक्रिय तिमाही पाम तेल वायदा में 128 रिंगिट प्रति टन की गिरावट आई है। मंडियों में सोयाबीन की खरीदी भी सुस्त है। छावनी मंडी में 1200-1400 बोरी की आवक के बीच भाव 3780-4250 रुपए नीलामी में चल रहे हैं। महाराष्ट्र की मंडियों में भी भाव नीचे जाने से फिलहाल सोयाबीन में तेजी की आस नहीं है। सरसों की आवक भी कम होने लगी है, उत्पादन में पोल आने से तेल मिलों की खरीदी बनी हुई है। दूसरी ओर स्टॉकिस्ट भी माल रोककर बैठ गए हैं, अब यहां से 50-75 रुपए का करेक्शन के बाद 7000 रुपए को पार लग रही है।



तिलहन- सरसों निमाड़ी (बारीक) 6300-6400 रायडा 5700-5800 सोयाबीन 4300, टोली 4300-4400 रु. प्रति क्विंटल।

खाद्य तेल- मूंगफली तेल इंदौर 1370-1390, मुंबई मूंगफली तेल 1420 इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1175-1180 इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1110-1115, इंदौर पाम 1220 मुंबई सोया रिफाइंड 1200 मुंबई पाम तेल 1200 राजकोट तेलिया 2225, गुजरात लूज 1375, कपास्या तेल इंदौर 1205 रुपए प्रति दस किलो।

सोयाबीन प्लांट-अवी एग्री उज्जैन 4325, बैतूल ऑयल सतना 4515, बैतूल आयल 4525, कोरोनेशन ब्यावरा 4325, धानुका सोया नीमच 4400, धीरेंद्र सोया नीमच 4450, दिव्य ज्योति 4335, हरिओम रिफाइनरी मंदसौर 4350, केएन एग्री इटारसी 4375, आइडिया लक्ष्मी देवास 4300, केपी सॉल्वेक्स निवाड़ी 4400, खंडवा ऑयल 4325, मित्तल सोया देवास 4375, एमएस सॉल्वेक्स नीमच 4400, नीमच प्रोटीन 4425, प्रकाश पीथमपुर 4380, प्रेस्ट्रीज ग्रुप देवास 4375, रामा फास्फेट, धरमपुरी 4300, राम जानकी एग्री ट्रेड, देवास 4300, आरएच सॉल्वेक्स सिवनी 4320, सांवरिया इटारसी 4430, सालासर हरदा 4395, सतना सॉल्वेंट 4381, सूर्या फूड मंदसौर 4420, वर्धमान साल्वेंट अंबिका कालापीपल 4325, विप्पी सोया देवास 4325 रुपए प्रति क्विंटल बोली गई।

## नई रेल से छात्र-छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# ग्वालियर से बैंगलोर के लिये नई रेल सेवा का शुभारंभ




## ग्वालियर अब जुड़ रहा है दक्षिण से, नई रेल सेवा बड़ी सौगातः केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

ग्वालियर।नगर संवाददाता

ग्वालियर। ग्वालियर-चंबल अंचल को भारत सरकार के माध्यम से एक बड़ी रेल सुविधा उपलब्ध हुई है। अंचल के लोग अब ग्वालियर से सीधे बैंगलोर रेल मार्ग से पहुँच सकेंगे। युवाओं के लिये यह विशेष तौर पर तोहफा है। साप्ताहिक ग्वालियर बैंगलोर रेल सुविधा से आईटी के क्षेत्र में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को ग्वालियर से बैंगलोर के लिये प्रारंभ हो रही नई रेल सुविधा के शुभारंभ अवसर पर वर्चुअल जुड़कर कही। कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी वर्चुअली जुड़े। ग्वालियर में आयोजित समारोह में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर उपस्थित थे। ग्वालियर स्टेशन से केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एवं ऊर्जा मंत्री तोमर हरी झण्डी दिखाकर नई रेल से शिवपुरी गये।। कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल के लिये ग्वालियर से बैंगलोर चलने वाली गाड़ी क्रमांक 11086ध्85 बड़ी सौगात है। इस रेल के शुरू होने से ग्वालियर-चंबल संभाग के ऐसे युवा जो आईटी के क्षेत्र में अध्ययन कर रहे हैं उन्हें सीधे बैंगलोर पहुँचने की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। केन्द्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि केन्द्र सरकार के माध्यम से रेलवे के क्षेत्र में विकास के मामले में मध्यप्रदेश के लिये अनेक कार्य स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर



क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर के लिये आज ऐतिहासिक दिन है। ग्वालियर को दक्षिण से जोड़ने के लिये नई रेल सुविधा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकृत की है। इसके प्रारंभ होने से ग्वालियर-चंबल संभाग के हजारों हजार लोगों को अब सीधे बैंगलोर पहुँचने के लिये किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बैंगलोर रेलवे स्टेशन का काम महान इंजीनियर विश्वेश्वरैया के नाम पर है। यह सौभाग्य की बात है कि ग्वालियर की प्यास बुझाने वाले तिघरा डैम की डिजाइन भी स्टेट समय में महान इंजीनियर विश्वेश्वरैया ने तैयार की थी। उनके द्वारा तैयार किया गया डैम आज भी ग्वालियरवासियों की प्यास बुझा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर को आज केन्द्र सरकार के माध्यम से बड़ी सौगात मिली है। मध्यप्रदेश में 80 रेलवे स्टेशनों के जीर्णोद्धार कार्य में ग्वालियर का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। 482 करोड़ रूपए की लागत से ग्वालियर रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण होने पर ग्वालियर-अंचल में एक व्यवस्थित और भव्य रेलवे स्टेशन भी हम सबको उपलब्ध होगा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि ग्वालियर से इटावा के लिये भी नई रेल सुविधायें उपलब्ध कराने का कार्य किया जाना चाहिए, ताकि ग्वालियर लखनऊ से सीधे जुड सके। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि रेलवे के क्षेत्र में कैलाशवासी माधवराव सिंधिया के द्वारा जो कार्य किए गए थे, उसी कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में ग्वालियर को एक नई सौगात मिली है। ग्वालियर में विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। इनमें ग्वालियर का नया रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा एवं एलीवेटेड रोड शामिल हैं। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर अंचल के निवासियों के लिये बेहतर रेल सुविधाओ का क्रम निरंतर जारी है। आने वाले दिनों में ग्वालियर को अन्य शहरों से जोड़ने के लिये भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री वैष्णव के नेतृत्व में और सुविधायें भी मिलेंगीं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद जयभान सिंह पवैया, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, रमेश अग्रवाल, रामबरन सिंह गुर्जर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खास खबर

### छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को पढ़ाने हेतु शिक्षकों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

ग्वालियर ग्वालियर जिले में संचालित अनुसूचित जाति वर्ग के उत्कृष्ट छात्रावासों बालक/कन्या छात्रावास घाटीगाँव, डबरा, भितरवार व मुरार ग्वालियर में कक्षा - 9 एवं 10 में गणित, अंग्रेजी, अर्थव्यवस्था, कम्प्यूटर एवं कक्षा-11 व 12 में गणित, अंग्रेजी, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान के लिये अंग्रेजी विषय पढ़ाने हेतु शिक्षक/कोचिंग संस्थाओं से आवेदन पत्र 30 जून तक आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ग्वालियर में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य ग्वालियर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचिंग के लिये नियमानुसार शिक्षकों को 300 रूपए प्रति कालखंड एवं एक माह अधिकतम 20 कालखंड का मानदेय दिया जायेगा। कक्षा - 9 व 10 में कोचिंग देने वाले शिक्षकों को संबंधित विषय में ग्रेजुएशन में न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा कक्षा-11 व 12 एवं महाविद्यालयीन के लिये संबंधित विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। शिक्षक एवं कोचिंग संस्थायें रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आवेदन के साथ संलग्न करें। आवश्यक दस्तावेज आधारकार्ड, संबंधित विषय की अंकसूची, अनुभव प्रमाण-पत्र भी आवेदन के साथ अनिवार्यतः संलग्न किए जाएं। 30 जून के पश्चात आवेदन मान्य नहीं होंगे।

### महिला पॉलीटेक्निक में रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कॉलेज लेवल काउंसिलिंग प्रारंभ

ग्वालियर शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, पड़ाव, ग्वालियर में संचालित दसवीं उत्तीर्ण छात्राओं/महिलाओं हेतु तीन वर्षीय रोजगान्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों जैसे कम्प्यूटर साइंस, इंफंमेशिन टेक्नॉलोजी, आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाईन, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजी, टेक्सटाईल डिजाईन, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट एवं ब्यूटी कल्चर एण्ड कॉस्मेटोलोजी में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु कॉलेज लेवल काउंसिलिंग प्रारंभ हो गई है। इच्छुक छात्राएँ दिनांक-18.06.2025 से 13.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक घर बैठे वेवबसाईट https://dte.mponline.gov.in पर जाकर या महाविद्यालय में आकर मनपसंद पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रेशन कर सकती है। इसके पश्चात दिनांक-02.07.2025 से 13.08.2025 तक रजिस्टर्ड छात्राएँ महाविद्यालय में हर सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को प्रातः 10-30 बजे से सायं 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करवा सकेगी। प्राचार्य शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय डॉ. ए ए सिद्दीकी ने बताया कि दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण के साथ आईटीआई उत्तीर्ण अथवा बारहवीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु उपरोक्त पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु दिनांक-05.07.2025 से 13.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक उपरोक्तानुसार रजिस्ट्रेशन करना

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस हुआ आयोजन

# युवा नशे से दूर रहने करें अच्छी संगतिः स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज

ग्वालियर।नगर संवाददाता






ग्वालियर अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग जिला ग्वालियर द्वारा बाल भवन स्थित सभागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदर्श गौशाला लाल टिपारा से प्रमुख स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज, एडिशनल एसपी श्रीमती सुमन गुर्जर, ब्रह्माकुमारी संस्थान से आदर्श दीदी, वरिष्ठ नेता श्री विनोद शर्मा, ज्वाइन डायरेक्टर सामाजिक न्याय श्री देवकीनंदन सिंह, विरही सहायक संचालक सामाजिक न्याय श्री शशांक, सचिव रमन शिक्षा समिति श्री रामदास माहौर, अध्यक्ष अहिंसा महिला एवं बाल कल्याण समिति श्री दीपक श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी जनकल्याण श्रीमती पूर्वी अग्रवाल, श्री आकाश वशिष्ठ, श्री सौरभ गर्ग एवं अन्य सभी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुमारी आस्था द्वारा सरस्वती वंदना कर की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुति में ब्रह्मकुमारी संस्था के भाई बहनों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज द्वारा युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए अच्छी संगति करने का संकल्प दिलाया गया। एडिशनल एसपी द्वारा समाज को जागरुक होकर अपने युवा पीढ़ी को नशे की ओर बढ़ने से रोकने के लिए घर में अच्छा माहौल देने की अपील की गई। कार्यक्रम में श्री देवकीनंदन सिंह ज्वाइन डायरेक्टर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सभी के द्वारा नशा मुक्त करने की शपथ ली गई एवं नशा मुक्त भारत अभियान में हस्ताक्षर कर अपना सहयोग दिया गया।

## निगमायुक्त ने किया क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण



ग्वालियर। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने गुरूवार को अचानक क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं को देखा। गुरूवार को अचाकन निगम आयुक्त संघ प्रिय क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 पर पहुंचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने समस्त स्टाफ की सार्थक ऐप के माध्यम से हाजिरी चेक की और कार्यालय पर की गई रेन वाटर हार्वेस्टिंग को मुआयना लिया। इसके साथ ही निगमायुक्त ने संपत्ति कर टीसी को संपत्ति कर वसूली के संबंध में निर्देश देकर उपस्थित डब्ल्यूएचओ को कार्यालय में साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। निगमायुकक्त ने इस मौके पर स्टाफ को ईकेवाईसी में डुप्लीकेट ईकेवायसी को हटाने के साथ ही ईकेवायसी में गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्राधिकारी अनिल श्रीवास्तव, कमल खरे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी कृष्ण पाल मेहत, जेडएचओ राजस्व टीसी महेश कुशवाह, वार्ड 30 के टी.सी भगवान सिंह गुर्जर उपस्थित थे।

## कुत्ते के भौंकने पर मालिक पर जानलेवा फायर करने वाले आरोपी को पुलिस ने पुणे तक पीछा करते हुए किया गिरफ्तार

### उक्त प्रकरण में एक आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है

ग्वालियर। को फरियादी संजय यादव ने रिपोर्ट लेख कराई कि वह झुग्गी झोंपड़ी मांडरे की माता के पास ग्वालियर में निवास करता है। दिनांक 01.06.2025 की शाम को तीन लोग मेरे घर के पास आये थे तब हमारा कुत्ता इन्हें देखकर भौंकने लगा तो वह व्यक्ति अपने दोनों साथियों से कहने लगा कि अगली बार कुत्ता भौके तो गोली मार देना व तीनों लोग वहाँ से चले गये। जब रात में खाना खाकर मैं व मेरा भाईघर से बाहर निकले तभी उनमें में से दो व्यक्ति हमारे पास आये व हमसे कहने लगे कि तुम्हारा कुत्ता कहाँ है और हमे गलियाँ देने लगे तभी उनमें से एक कहने लगा कि कुत्ते की जगह इन्हें ही गोली मार देते है तो उसने जान से मारने की नियत से मेरे भाई पर फायर किया जो गोली उसके पेट में लगी, गोली की आवाज सुनकर घर से और भी लोग बाहर निकल आये तो वह दोनों लोग वहाँ से भाग गये। उसके बाद हम घर परिवार के लोग भाई सचिन को अस्पताल ले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपियों के खिलाफ थाना कम्पू में अप0क्र0-206/25 धारा 296,109,61(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। दौराने विवेचना पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण में वांछित एक आरोपी पुणे महाराष्ट्र में छिपा हुआ है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम को पुणे महाराष्ट्र रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी की तलाश पुणे महाराष्ट्र में की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त आरोपी इंदौर तरफ चला गया है, जिस पर से पुलिस टीम इंदौर पहुंची तो इंदौर-देवास बाईपास रोड स्थित डी मार्ट मॉल के पास मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का संदिग्ध व्यक्ति घूमता मिला, जिसने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को मोतीझील थाना बहोडापुर जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया।

## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जन सहयोग जन कल्याण बहुद्देशीय समिति ग्वालियर द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन

ग्वालियर।नगर संवाददाता

आज को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जन कल्याण बहुद्देशीय समिति ग्वालियर एवं ओ.एस.टी. सेंटर सिविल हॉस्पिटल के समुक्त तत्वाधान मे नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली जे.सी. मिल्स स्कूल बिरला नगर से सिविल हॉस्पिटल हाजीरा तक आयोजित की गयी।रैली को माननीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रधूम्मन सिंह तोमर एवं सिविल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ. प्रशांत नायद जी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। रैली लगभग 200 महिला पुरुष एवं ओ एस टी सेंटर का स्टाफ डॉ. नर्शे आदि सम्मिलित हुए। रैली के समापन पर माननीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रधूम्न सिंह तोमर ने कहा की ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने का जो संकल्प समिति ने उठाया है बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाह ने समिति के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य एवं ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने का समिति के सदस्यो को शपथ दिलाई, उस के बाद ओ एस टी प्रभारी डॉ. रश्मि मिश्रा जी द्वारा सिविल हॉस्पिटल मे ओ एस टी सेंटर से नशा मुक्ति हेतु उपलब्ध संसाधनो की जानकारी दी और बताया कि



जो व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है उसे ओ एस टी सेंटर द्वारा मुफ्त मे दवा उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर समिति के महिला अध्यक्ष श्रीमति शशि सिंह रैली मे पधारे , सभी लोगो का आभार व्यक्त किया गया । इस मौके पर समिति कि संरक्षक श्रीमति चारु राउत जी, समिति के कोशाध्यक्ष रमेश सिंह तोमर, डॉ. जे.सी. एस कुशवाह , डॉ. आलोक यादव , हेल्प गुरु प्रमोद रजावत जी, सहदेव सिंह तोमर, राजेंद्र कुशवाह जी, माया शर्मा, आयशा गुप्ता, रूबी शर्मा, बरखा सिंह, अंजु सिंह, संतोष भदौरिया, मंजू शिवहरे, खुशबू तोमर, रुक्मणी सोनी, आयशा, रानी गुप्ता, गीता सूर्यवंशी, रजनी मीना, शैली भदौरिया, शशि गोरस्वामी, अनुस्का ।

## ग्वालियर सकल जैन समाज एवं सन्मति सुबल वर्षायोग ग्वालियर की ओर से चातुर्मास की तैयारिया हुई शुरू

### ग्वालियर में आचार्य श्री सुबल सागर ससंघ मंगल प्रवेश 28 को होगा, 02 जुलाई से सिद्धचक्र विधान ओर 15 को चतुर्मास कलश स्थापन होगी

ग्वालियर।नगर संवाददाता

### माधवगंज जैन मंदिर में आचार्यश्री सुबल सागर ने प्रवचन में कहा जो धैर्य रखता है वह ही मोक्ष मार्ग पर चलता है

### ग्वालियर शहर में पहली बार नौ साल के बाद नौ संतो का एक साथ होगा भव्य चातुर्मास



ग्वालियर। तपस्वी सम्राट श्री सन्मति सागर महाराज के अंतिम शिष्य आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ का ग्वालियर की पवन धरा पर भव्य चातुर्मास होगा।आचार्य श्री सुबल सागर महाराज का वर्ष 2016 के बाद एक बार फिर से नौ साल के बाद नौ संतो का एक साथ भव्य चातुर्मास होगा। ग्वालियर सकल जैन समाज सन्मति सुबल वर्षायोग ग्वालियर चातुर्मास की तैयारिया बड़े जोरो के साथ कर रहा है। वही 28 जून शनिवार को आचार्य श्री सुबल सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सकल जैन समाज ग्वालियर के तत्वाधान में 28 जून शनिवार को प्रातः 07 बजे से दौलतगंज स्थित जैन मंदिर से चातुर्मास के लिए आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ससंघ नौ संतो का भव्य गाजेबाजे के साथ मंगल प्रवेश शोभायात्रा निकाली जायेगी। मंगल प्रवेश शोभायात्रा समन्वयक जैन मिलन ग्वालियर के निर्देशन में मंगल प्रवेश यात्रा दौलतगंज जैन मंदिर से शुरू होकर पाटनकर चौराहे, फालका बाजार राममंदिर से गस्त का ताजिया, डीडवाना ओली, सराफा बाजार, महाराज बाड़ा, मोर बाजार, दाना ओली से होती हुई कार्यकम स्थल चंपाबाग धर्मशाला पहुंचेगी। मंगल प्रवेश में महिलाएं केसरिया साड़ी और पुरुष व्हाइट परिधानों में सम्मिलित होगे।

## कांग्रेस पार्टी ही सर्वहारा वर्ग के हितों की रक्षा करती हैः कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी

ग्वालियर।नगर संवाददाता



ग्वालियर। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वहारा वर्ग के हितों की रक्षा करती है और उनके उत्थान, विकास और प्रगति की लडाई लडती है। हम सब एक परिवार के रूप में पार्टी के लिये काम करें तो पार्टी कभी चुनाव नहीं हार सकती है। श्री चौधरी आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के ललितपुर कॉलोनी स्थित कार्यालय में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस मौके पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर श्री चौधरी का आत्मीय स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, विधायक दिनेश सिंह गुर्जर, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सुनील शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह नाती, श्रीमती रश्मि परिहार, मुरैना जिला अध्यक्ष द्वय दीपक शर्मा, मधुराज तोमर, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, वरिष्ठ नेता प्रेमसिंह नेताजी, जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन, चेम्बर के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीनू परिहार आदि मंचासीन रहे। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार है और परिवार को एक समन्वय के रूप में चलाया जाता है, इसमें कोई छोटा-बडा नहीं होता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक अमरशंकर भारती के लिये मुद्रक शफीक खान द्वारा अपैक्स कम्प्यूटर एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स रॉक्सी रोड लश्कर ग्वालियर से मुद्रित एवं भारती विहार रामगढ़, डबरा जिला-ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक अमरशंकर भारती Mob. 9826187577, सह संपादक अशोक उपाध्याय मो. 9685089260, R.N.I. No. MPHIN/2011/38456 e-mail : nayakpathnews@gmail.com *समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा)